राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 बुमराह का मुरीद हूं, उसे अपने एक्शन में किसी बदलाव की जरूरत ...

दूसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे एस जयशंकर ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 70 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# नीट अनियमितता की सीबीआई जांच पर विचार, काउंसलिंग पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने एक बार फिर गुरुवार को कहा कि पांच मई को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024 में अनियमितता के आरोपों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग वाली याचिकाओं पर वह विचार करेगा, लेकिन मेडिकल की स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग पर इस स्तर पर रोक नहीं लगाएगा। शीर्ष अदालत ने नीट यूजी 2024 विवाद से संबंधित विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित कार्यवाहियों पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पक्ष जानने के बाद अदालत आगे कोई फैसला लेगी। पीठ ने कहा, केंद्र सरकार और एनटीए को आठ जुलाई को याचिकाओं पर जवाब देने दें। शीर्ष अदालत ने नीट विवाद से संबंधित तमाम याचिकाओं पर अगली सुनवाई के लिए आठ जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। पीठ ने सीबीआई से जांच की मांग को लेकर दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार और एनटीए से जवाब देने को कहा। याचिकाकताओं के एक वकील ने काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग पर पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा, काउंसलिंग पर कोई रोक नहीं है। यदि अंतिम सुनवाई के बाद परीक्षा होती है तो काउंसलिंग भी होगी। अवकाशकालीन पीठ ने लखनऊ की एक छात्रा के मामले का भी जिक्र किया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष शुरू में दावा किया था कि उसे एनटीए से फटी हुई ओएमआर शीट मिली थी, लेकिन बाद में पता चला कि उसने गलत पंजीकरण संख्या का इस्तेमाल किया था। इसके बाद उसने उच्च न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले ली थी। एनटीए की ओर से पेश वकील कनु अग्रवाल की गुहार पर अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा एजेंसी की याचिका पर उन मामलों की कार्यवाही पर रोक लगा दी, जो (नीट यूजी 2024 के संबंध में) विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित है। एनटीए ने उन मामलों को शीर्ष अदालत के समक्ष स्थानांतरित करने की याचिका दायर की थी।

## गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच सीबीआई को सौंप दिया गया है और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से नीट और यूजीसी-नेट के मुद्दे पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कहा, हमने यूजीसी-नेट मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया है। हमारे लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। श्री जायसवाल ने बताया कि यूजीसी नेट की परीक्षा में धांधली को लेकर कुछ जानकारियां मिली थीं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया और जांच के लिए मामले को सीबीआई को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी को लेकर मंत्रालय कोई भी करवाई करने में संकोच नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यूजीसी-नेट के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली थी। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे रद्द कर दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारियों से प्रथम दृष्टया यह संकेत मिले कि यूजीसी-नेट परीक्षा में धांधली हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि नीट में तीन मुद्दे हैं, जिसमें पहला मुद्दा कृपांक है। वहीं दूसरा बिहार और तीसरा गुजरात के दावे का हैं। बिहार की एजेंसी उस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, एजेंसी इन सब मुद्दे की जांच कर सकती है, हम जांच उस पर छोड़ते हैं। मंत्रालय इस बात का ध्यान रखेगा कि किसी भी विद्यार्थी के हित से समझौता नहीं किया जाए। हमारे लिए विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है।

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिन पर बुधवार को उन्हें बधाई दी और उनकी अच्छी सेहत व लंबे जीवन की कामना की। श्री धनखड़ अपनी पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ के साथ सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे और श्रीमती मुर्मु से भेंट की। श्री धनखड़ ने श्रीमती मुर्मू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रपति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री धनखड़ ने राष्ट्रपति की प्रसन्न स्वस्थ और दीघार्यु की कामना की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा और समर्पण हम सभी को प्रेरित करता है। गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने पर उनका ज्ञान और जोर एक मजबूत मार्गदर्शक शक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी जीवन यात्रा करोड़ों लोगों को उम्मीद देती है। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

### इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मोदी से रणनीतिक साझेदारी मजबूत बनाने पर बात की

नई दिल्ली। इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति निर्वाचित प्रबोवो सुबिआंतो से फोन कॉल पाकर खुशी हुई। राष्ट्रपति के रूप में उनके आगामी कार्यकाल की सफलता की कामना की। हमने भारत और इंडोनेशिया के बीच ।

### नेता प्रतिपक्ष के बारे में कांग्रेस फैसला करेगी : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के बारे में कांग्रेस फैसला करेगी क्योंकि सदन में विपक्षी गठबंधन इंडिया के विभिन्न घटकों में सबसे ज्यादा सांसद कांग्रेस के पास हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या विपक्ष के किसी सदस्य को लोकसभा का उपाध्यक्ष बनाए जाने के प्रयास किए जाएंगे, पवार ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी पिछली सरकार में इस नियम का पालन नहीं किया था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा होगी, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि इसका कोई सार्थक नतीजा निकलेगा।

# पटना हाईकोर्ट ने आरक्षण की बढ़ी सीमा को किया रद्द

## राज्य सरकार ने दलित, आदिवासी, ओबीसी और ईबीसी के आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर किया था 65 प्रतिशत

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण का दायरा बढ़ाने संबंधी कानून को रद्द कर दिया है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने गौरव कुमार और अन्य की ओर से दायर याचिका पर गुरुवार को फैसला सुनाते हुए शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी, ईबीसी और अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण देने के नीतीश सरकार के फैसले को रद्द कर दिया। इस मामले पर लंबी सुनवाई के बाद 11 मार्च को मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि जाति आधारित सर्वे रिपोर्ट आने के बाद नीतीश सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया। इसके बाद बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान 09 नवंबर 2023 को बिहार आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया गया और दोनों सदन में विधेयक सर्वसम्मति से पारित हो गया। इसके तहत दलित, आदिवासी, ओबीसी और ईबीसी के आरक्षण का दायरा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों (सवर्ण) को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को मिलाकर बिहार में नौकरी और शिक्षण संस्थानों में दाखिले का आरक्षण बढ़कर 75 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**कोर्ट ने क्या कहा:** कोर्ट ने बिहार पदों और सेवाओं में रिक्तियों का आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को संविधान के दायरे से बाहर और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता खंड का उल्लंघन बताते हुए रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और जस्टिस हरीश कुमार की बेंच ने उन याचिकाओं के एक समूह पर फैसला सुनाया, जिन्होंने रोजगार और शिक्षा के मामलों में नागरिकों के लिए समान अवसर के उल्लंघन के रूप में अधिनियमों को चुनौती दी थी। याचिकाकताओं का कहना था कि यह संशोधन इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ के मामले में पारित सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। इस केस में सुप्रीम ने 1992 को फैसला सुनाते हुए आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत तय की थी।

# योग दिवस आज, पीएम मोदी श्रीनगर योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

प्रात : किरण

श्रीनगर/एजेंसी। प्रधानमंत्री मोदी आज सुबह करीब साढ़े छह बजे श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह मोदी का पहला जम्मू-कश्मीर दौरा है। प्रधानमंत्री दिन में श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही वह 1500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

**योग शिविर को लेकर प्रदेश भाजपा की तैयारी पूरी :** अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। भाजपा इस मौके पर कई शिविर लगाने जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी योग दिवस के मौके पर पाटलिपुत्रा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा यहां उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय, प्रेम कुमार और प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता भी योगाभ्यास करेंगे।

## सीएम नीतीश की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, 22 एजेंडों पर लगी मुहर

# पटना के बाद अब मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर व दरभंगा में दौड़ेगी मेट्रो

## राज्य सरकार ने दी सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति

प्रात : किरण





पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। जिसमें 22 ऐजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राजधानी के बाद अब सूबे के चार बड़े शहरो मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर व दरभंगा में मेट्रो चलेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति दे दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि पटना शहर के बाद अब आने वाले दिनों में गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में भी मेट्रो का परिचालन संभव होगा। उन्होंने बताया कि गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में भी मेट्रो चल सके इसके लिए पहले फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार होगी। इसके बाद डीपीआर बनेगा। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल से एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए हैं। अब राज्य के जितने परीक्षा आयोग हैं वे ऑन लाइन परीक्षा भी आयोजित कर सकेंगे। अभी तक बीपीएससी, कर्मचारी चयन या तकनीकी शिक्षा आयोग ऑफ लाइन परीक्षा लेते हैं। परीक्षा दो चरणों के होगी।

मुख्य परीक्षा पटना या इसस आसपास होगी। राज्य में शहरी गरीबों के लिए मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग बनाने का फैसला लिया है। 750 गरीब परिवारों के लिए पीपीपी मोड में यह आवास बनाए जाएंगे। शहरी बस्ती और फुटपाथ पर रहने वाले परिवारों के लिए ये आवास बनेंगे। वहीं किसानों को राहत देते हुए सरकार ने डीजल अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। अधिकतम 8 एकड़ जमीन के लिए डीजल अनुदान मिलेगा। किसानों को 3900 तक का लाभ मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की निजी नलकूप योजना के तहत 35,000 नए निजी नलकूप लगाए जाएंगे। इसके लिए 266 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। राज्य के 46 पॉलिटेक्निक संस्थानों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए 80 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इस राशि का उपयोग कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के निर्माण और आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। सरकार ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए 148 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। यह राशि पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंप्यूटर, डेस्क, फर्नीचर, लैबोरेटरी आदि पर खर्च होगी। इसके साथ ही चना और मसूर की एमएसपी निर्धारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ को एकरारनामा का जिम्मा दिया है।

**बिहार उच्च न्यायिक सेवा के 140 पदों के सृजन की स्वीकृति :** मंत्रिमंडल ने कई विभागों में नई नौकरियों के लिए पदों का किया गया सृजन खेल विभाग में 98 समेत विभिन्न विभागों में 545 नए पदों के सृजन की कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। कैबिनेट ने बिहार उच्च न्यायिक सेवा में 140 नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। खेल विभाग में भी 98 नए पद बनाए जाएंगे। बिहार व्यवहार न्यायालय अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्ति प्रोन्नति स्थानातंरण एवं अन्य सेवा संशोधन नियमावली 2024 के प्रस्ताव पर भी सीएम नीतीश कुमार ने अपना मुहर लगा दिया। इतना ही नहीं बिहार वाहन चालक भर्ती एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2024 के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी गई है। साथ ही जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिकोष आयोग के लिए अनुबंधन के आधार पर निबंधक के कुल 20 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। इधर, 22 से 26 जुलाई विधानमंडल का मानसून सत्र बुलाने का फैसला लिया गया है। इस सत्र में कुल पांच बैठक होगी।

**सभी नगर और ग्रामीण पंचायत में खेल क्लब का होगा गठन:** कैबिनेट ने बैठक में खेल को लेकर काफी जोर दिया है। बैठक में राज्य के सभी नगर पंचायत और ग्राम पंचायत में खेल क्लब के गठन का भी फैसला लिया गया। बिहार सरकार समय-समय पर नगर और ग्राम पंचायत को अनुदान देगी। जहां मैदान नही हैं, वहां जमीन अधिग्रहण होगा। हर क्लब में 100 लड़के लड़कियां मेंबर होंगे।

# सीएम नीतीश ने खरीफ महाभियान-2024 का किया शुभारंभ

## किसान जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 01 अणे मार्ग से खरीफ महाभियान-2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान-2024 के तहत सभी जिलों के लिए किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जाय। इन किसान जागरूकता वाहन के माध्यम से किसानों को खरीफ फसलों की तकनीकी जानकारी एवं खरीफ मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही खरीफ में अनुदानित दर पर उपादान वितरण की जानकारी, फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता, जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यक्रम से संबंधित जानकारी, जैविक खेती के लिए प्रोत्साहन, फसल विविधिकरण पर विशेष जानकारी, चतुर्थ कृषि रोड मैप के विभिन्न आयामों की जानकारी सहित अन्य कार्यक्रमों का भी प्रचार-प्रसार कर किसानों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

**ये रहे शामिल :** इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री मंगल पाण्डे, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार

Directorate of Fisheries, Bihar, Patna

जून माह में मत्स्य–पालकों द्वारा ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें:–

- मत्स्य प्रजनकों का उचित देखभाल करें।
- भारतीय / विदेशी कार्प मछलियों का प्रजनन प्रारंम्भ कर दें।
- हैचरी / हापा ब्रिडिंग के प्रबंधन एवं संचालन के लिए विशेषज्ञों से समय–समय पर सलाह लेते रहें।
- मत्स्य बीज संचयन से पूर्व तालाब की तैयारी जैसे–जलीय खरपतवार की निकासी, जलीय कीटों तथा अवांछित मछलियों का उन्मूलन कर लें।
- हैचरियों से स्पॉन प्राप्त कर नर्सरी तालाबों में संचयन करें।
- मछली पालन तालाब (ग्रो आउट तालाब) में इयरलिंग मत्स्य बीज संचयन औसत वजन 100 ग्राम का 2000 एवं औसत वजन 50 ग्राम का 4000 प्रति एकड़ की दर से जून के अंतिम सप्ताह में शुरू कर दें।
- मत्स्य बीज परिवहन का कार्य हमेशा रात में या 10 बजे पूर्वाहन से पहले करें।
- तालाब में मछलियों को संक्रमित होने से बचाने के लिए 30–45 दिन पर 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से पोटाशियम परमैंगनेट का छिड़काव करते रहें।
- मौसम खराब रहने यानि अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता वर्षा रहने पर भोजन का प्रयोग आधा कर दें।
- वर्षापात् के पश्चात चूना 15–20 कि0ग्रा0 प्रति एकड़ की दर से घोल कर तालाब के जल के उपर छिड़काव करें।
- अत्याधिक गर्मी एवं आर्द्रता बढ़ने के कारण एवं अचानक वर्षापात के कारण तालाब में घुलनशील ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ऐसी परिस्थिति आने पर तालाब में एयरेटर का प्रयोग करें। तालाब के पानी को तालाब में हीं पंपसेट चला कर तोरें (एयरेट करें) या घुलनशील ऑक्सीजन बढ़ाने वाली टैबलेट का प्रयोग 500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से करें या तालाब में मछली के घनत्व को कम करें।







पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (मत्स्य प्रभाग), बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी

PR No.- 002223 (Animal)D. 2024-25



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जून, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### सौरगढ़-क्यार्क मार्ग दे रहा दुर्घटना को न्योता

**अगस्त्यमुनि, एजेंसी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सौरगढ़-सौड़-भट्टगांव-चोपड़ा-भट्टगांव-क्यार्क मोटर मार्ग हादसों का सबब बना है। मार्ग के पहले तीन किमी पर गड्ढों की भरमार है। साथ ही शुरुआती हिस्सा दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मार्ग के सुधारीकरण की मांग की है। रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर सिल्ली के समीप से सौरगढ़-सौड़-भट्टगांव-चोपड़ा-भट्टगांव-क्यार्क मोटर मार्ग का निर्माण किया गया है, लेकिन हाईवे के ऊपरी तरफ से मार्ग के पहले बिंदु पर तीखा मोड दिया गया है। मार्ग का शुरुआती हिस्सा तीन किमी गड्ढों से पटा है, जो कभी भी किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि स?क निर्माण के लिए कई बार के आंदोलन किए और मुकदमे झेले, लेकिन सड़क निर्माण के बाद उसकी दुर्दशा से पुन॰ आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। उन्होंने लोनिवि और पीएमजीएसवाई पर सड़क निर्माण के नाम पर क्षेत्रीय जनता की भावनाओं से खिलवाड़ का आरोप लगाया है। कहा कि सड़क निर्माण के वर्षों बाद भी राजमार्ग को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। मोटर मार्ग संघर्ष समिति के सदस्य बृजमोहन भट्ट, आलम सिंह नेगी, ग्राम प्रधान संतोष भट्ट, पूर्व ग्राम प्रधान ऊषा गुसाईं, राजेंद्र गुसाईं, जीत सिंह, जगदीश भट्ट का कहना है कि बरसात का सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन मार्ग की हालत बदहाल है। उन्होंने 15 दिन में मार्ग सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं होने पर जनांदोलन की चेतावनी दी है।

### अलकनंदा के पानी से होगी 20 हजार आबादी के हलक तर

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** वर्षों से अधर में लटकी रुद्रप्रयाग लिफ्ट पंपिंग योजना के निर्माण की उम्मीद जगी है। अब उत्तराखंड जल निगम ने योजना निर्माण के लिए 46 करोड़ का प्रस्ताव जायका योजना में भेज दिया है। उत्तराखंड जल निगम वर्षों से लटकी रुद्रप्रयाग लिफ्ट पंपिंग योजना के निर्माण के प्रयास में जुटा है। अलकनंदा नदी पर लमेरी घाट से बनने वाली लिफ्ट पंपिंग योजना के लिए जायका (जापान इंट्रेक्टिव कॉपरपोरेशन एजेंसी) को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। योजना के निर्माण पर 46 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया है। क्षेत्र के शैलेंद्र भारती, दिनेश बिष्ट, सुरेंद्र रावत आदि ने नगर क्षेत्र की पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### एक करोड़ की लाइन पर पानी ठप, तरसे 400 परिवार

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** अगस्त्यमुनि ब्लॉक के सिल्ला-ब्राह्मणगांव के लिए एक करोड़ में निर्मित स्यूर पेयजल योजना शोपीश बनी है। योजना पर एक सप्ताह से जलापूर्ति नहीं होने से 400 परिवार पानी को तरस रहे हैं। गांव के लिए लगभग एक दशक पूर्व एक करोड़ से अधिक धनराशि से स्यूर पेयजल योजना का निर्माण किया गया था, लेकिन योजना के बाद से कभी भी नियमित पेयजल सप्लाई नहीं हुई। वहीं, गांव में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पेयजल योजना पर धीमी गति से काम चल रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य सावन नेगी का कहना है कि कई बार जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी स्थिति जस की तस है।

### पिता ने नाबालिग बेटी के साथ की अश्लील हरकत, केस दर्ज

**ऋषिकेश एजेंसी।** थाना रायवाला क्षेत्र में एक पिता द्वारा नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पी?ता की मां की शिकायत पर पुलिस ने पिता के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पी?ता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। थाना रायवाला पुलिस ने बताया कि आरोपी की पत्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह हरिद्वार में दुकान चलाती है। उसका पति ठेकेदारी करता है। आरोप है कि उनके दुकान में चले जाने बाद पति ने उनकी 14 साल की नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत की। नाबालिग ने अपने साथ हुई हरकत की जानकारी मां को दी।

# बिनसर हादसे के मृतकों और घायलों के परिजनों को नौकरी की मांग के लिए धरना, ग्रामीणों की मांग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** बिनसर अभयारण्य में हुए हादसे के बाद प्रभावितों को सरकारी नौकरी देने की मांग पर स्थानीय ग्रामीणों ने बिनसर न्याय मंच संगठन के बैनर तले अभयारण्य के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना दिया। बिनसर अभयारण्य में हुए हादसे के बाद प्रभावितों को सरकारी नौकरी देने की मांग पर स्थानीय ग्रामीणों ने बिनसर न्याय मंच संगठन के बैनर तले अभयारण्य के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना दिया। डीएफओ और रेंजर के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया और वह पूरे दिन धरने पर डटे रहे। शाम को डीएफओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। डीएफओ ने किसी तरह उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को धरने से उठाया। बिनसर में हुई वनाग्नि की घटना को वन विभाग की लापरवाही करार देते हुए बिनसर न्याय मंच के बैनर तले ग्रामीण बुधवार को अभयारण्य के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उन्होंने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी



की। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। उच्चाधिकारियों ने गणनाथ के रेंजर को मौके पर भेजा लेकिन ग्रामीण डीएफओ और संबंधित रेंजर के मौके पर पहुंचने की बात पर अड़े रहे। बाद में अल्मोड़ा से डीएफओ हेम चंद्र गहतोड़ी और अभयारण्य के रेंजर मनोज सनवाल ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे प्रभावितों को सरकारी नौकरी देने का लिखित आश्वासन देने पर अड़े रहे। किसी तरह डीएफओ ने उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर धरने से उठाया। उन्होंने कहा कि उनके स्तर से निस्तारित होने वाली समस्याओं का जल्द समाधान होगा। अन्य समस्याओं को लेकर शासन से पत्राचार होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी इन मांगों पर गौर नहीं हुआ तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। वहां पर चंदन सिंह बिष्ट, अशोक भोज, महेश कुमार, ईश्वर जोशी, कमला भाकुनी, प्रताप सिंह, हेमंत कुमार, किरन भाकुनी, तारा नगरकोटी, जीवन चंद्र आदि शामिल रहे। हताहतों और घायलों के परिजनों को सरकारी नौकरी। मृतकों के परिजनों को 50 लाख, घायलों के परिजनों को 25 लाख मुआवजा मिलना चाहिए। वनबीट अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने, फायर वॉचरों की नियुक्ति ग्राम और वन पंचायत को विश्वास में लेकर होनी चाहिए। फायर वॉचरों का बीमा कराने और उन्हें एक हजार रुपये प्रतिदिन का मानदेय मिलना चाहिए।

## निर्जला एकादशी में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**ऋषिकेश एजेंसी।** निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद अपने पूर्वजों की याद में पानी से भरी सुराही और हाथ से हिलाने वाले पंखे दान किए। विभिन्न राजनैतिक, धार्मिक संगठनों की ओर से जगह-जगह मीठा शरबत वितरित किया गया। त्रिवेणीघाट, मुनि की रेती, तपोवन, लक्ष्मणझूला और स्वर्गाश्रम के गंगा घाट और तटों पर निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर बैठे साधु-संतों और जरूरतमंद लोगों को अन्न, धन, जल आदि का दान किया। त्रिवेणीघाट पर पूजा-अर्चना के लिए आए बिहार के पंडित जीतवाहन मिश्रा ने कहा कि एकादशी का व्रत पांडव पुत्र भीम ने भी रखा था। मान्यता है कि पांच भाइयों में से भीम बहुत खाता था। एक बार भगवान कृष्ण ने उन्हें निर्जला एकादशी व्रत करने को कहा, तब भीम ने यह निर्जला एकादशी का व्रत रखा था। उधर निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में ऋषिकेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष माधवी गुप्ता के नेतृत्व में त्रिवेणी घाट पर श्रद्धालुओं को मीठा शरबत वितरित किया गया। माधवी गुप्ता ने बताया कि निर्जला एकादशी के व्रत में बिना जल पिए व्रत रखना होता है। जल का दान करने पर पूर्वजों को शांति प्राप्ति होती है। पूर्वजों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। परिवार में पितृ दोष समाप्त होता है और उन्नति और प्रगति के रास्ते भी खुलते हैं। इस अवसर पर सीमा रानी, गुड्डी कलूड़ा, निवेदिता सरकार, सुधा असवाल, रीता गुप्ता, रुचि जैन, राजेश्वरी लखवार आदि मौजूद रहे। निर्जला एकादशी के अवसर पर आईएसबीटी स्थित वेंडिंग जोन नंबर दो में लघु व्यापारी समिति की ओर से तीर्थयात्रियों और राहगीरों को शरबत बांटा गया। समिति के सचिव हरि सिंह रांगड़ ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों और तीर्थयात्रियों को ठंडा शरबत पिलाना पुण्य का काम है। शहर की अन्य समाज सेवी संस्थाओं को भीषण गर्मी में शरबत पिलाने के लिए आगे आना चाहिए।

## सिसई के ग्रामीणों का पानी के लिए जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन



**बैजरो, एजेंसी।** बीरोंखाल के अंतर्गत ग्राम सिसई में कई दिनों से पेयजल संकट बना है। समस्या का समाधान न होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने स्यूंसी जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत मनमाने ढंग से पेयजल लाइन बिछाई गई है जिस कारण उनके घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने सुचारु पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। एसई ने कहा कि स्रोत सूख गया है। बारिश होने पर स्रोत रिचार्ज होगा तो आपूर्ति सुचारु हो जाएगी। मंगलवार को सिसई की ग्राम सभा प्रधान मंजू आनंद के नेतृत्व में कई ग्रामीण स्यूंसी स्थित जल संस्थान कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत क्षेत्र में 500 मीटर लंबी पेयजल पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन पानी नहीं आया। कहा कि सर्वे में ग्रामीणों को विश्वास में नहीं लिया गया और मनमाने ढंग से पाइप लाइन बिछाई गई। ऐसे में कई घरों तक पानी नहीं रहा है जबकि कई घरों में नाममात्र पानी आ रहा है। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने जल संस्थान के अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। ग्रामीणों ने दोबारा सर्वे कराकर पाइप लाइन बिछाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान मंजू आनंद, अरुण पोखरियाल, सरत सिंह रावत, सुरेश चंद, राजेंद्र कुमार, विक्रम आनंद, हरीश दास, रणजीत सिंह, जेटी सिंह, सुरेंद्र सिंह और रतन सिंह रावत आदि शामिल रहे।

## 17 राज्यों के मुक्त विवि तैयार करेंगे 34 कौशल विकास कोर्स, आपस में करेंगे साझा; कार्यशाला शुरू

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी के उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला में बुधवार को कौशल विकास कार्यक्रमों शुरू करने पर चर्चा हुई। तय हुआ कि प्रत्येक मुक्त विवि दो एनसीवीईटी प्रमाणित कोर्स तैयार कर आपस में साझा करेंगे। कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया (सीईएमसीए) के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगोली ने वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि इंडस्ट्री और यूनिवर्सिटी पार्टनरशिप में कोर्स चलाएं तो वह फायदेमंद होंगे। उन्होंने हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर, होटल आदि पर ऑनलाइन मोड में कोर्स चलाने पर जोर दिया। यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने बताया कि प्रत्येक मुक्त विवि एक साल में नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) से मान्यता प्राप्त दो कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करेंगे। 17 राज्यों के मुक्त विवि एक साल के भीतर 34 कौशल विकास कोर्स तैयार करेंगे तो सभी एक दूसरे के साथ इन्हें चला सकेंगे। कार्यशाला संयोजक प्रो. जितेंद्र पांडे ने बताया कि यूओयू एनसीवीईटी में ड्यूल रिकॉग्निशन अवॉर्डिंग एंड एसेसमेंट बॉडी के लिए भविष्य में अप्लाई कर रहा है। सीईएमसीए (सिमका) के निदेशक



डॉ. बी शद्रच ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कौशल विकास में मुक्त विश्वविद्यालयों की भूमिका को बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ढांचे के बारे में चर्चा की गई। भोपाल से आए प्रो. राजेश खंबायत ने भी कौशल विकास पर जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. पीडी पंत, प्रो. राजेश खंबायत, डॉ. राजेन्द्र क्वीरा, डॉ. आशुतोष भट्ट, डॉ. मंजरी अग्रवाल, डॉ. सुमित प्रसाद, डॉ. मीनाक्षी राणा आदि मौजूद रहे। सेमिनार में उत्तराखंड और यूपी के साथ ही पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असोम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों के मुक्त विश्वविद्यालयों से दो-दो प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इग्नू के प्रतिनिधियों ने भी सेमिनार में हिस्सा लिया।

## नैनीताल से लखनऊ लौटीं डिंपल यादव, भीमताल में रुकी थी

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव नैनीताल में दो दिवसीय निजी दौरे के बाद वापस लखनऊ लौट गई है। उन्होंने अपने दौरे को बेहद गोपनीय रखा था। उनके साथ उनकी माता और बेटा था। 18 जून को डिंपल यहां आई थी और भीमताल में रुकी थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव नैनीताल में दो दिवसीय निजी दौरे के बाद वापस लखनऊ लौट गई है। उन्होंने अपने दौरे को बेहद गोपनीय रखा था। उनके साथ उनकी माता और बेटा था। 18 जून को डिंपल यहां आई थी और भीमताल में रुकी थी। इस दौरान उन्होंने कैंची धाम जाकर बाबा नीम करौरी के



दर्शन भी किए थे। बृहस्पतिवार की सुबह पंतनगर एयरपोर्ट पर सपा कार्यकर्ताओं से उन्होंने मुलाकात की। पार्टी कार्यकर्तो ने उनको बाबा नीम करौरी महाराज की फोटो भेंट की। इसके साथ उत्तर प्रदेश में प्रचंड जीत की बधाई दी। इसके बाद डिंपल चार्टर्ड विमान से लखनऊ रवाना हो गई। वहां पर अरविंद यादव सपा राष्ट्रीय महासचिव यूथ ब्रिगेड, किसान नेता तेजेंद्र सिंह विर्क, ओशियन यादव, प्रज्ञा चौधरी, अरविंद दिवाकर, गुरकीरत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों के डंडे मारने पर कांवड़ यात्रियों ने किया हंगामा

**हरिद्वार, एजेंसी।** सोमवार देर रात गंगाजल लेकर जा रहे कांवड़ियों पर पुलिसकर्मियों ने डंडा मार दिया, जिससे हंगामा हो गया। आरोप है कि कनखल थाने के पुलिसकर्मियों ने कांवड़ियों से अभद्रता करते हुए लाठी फटकारी। इसके बाद कांवड़ यात्रियों ने हंगामा काटा और हिंदूवादी संगठन से जुड़े कई लोग और संत भी उनके समर्थन में आ गए। देर रात तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर शिवभक्तों को समझाया। खंडित हुए जल को लाने के साथ ही कांवड़ यात्रियों के उपचार की बात पर सहमति बनने पर हंगामा शांत हो पाया। जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद, बागपत और पुरा महादेव के सेवादारों का जत्था सोमवार रात हरकी पैड़ी से गंगाजल लेकर डीजे के साथ कांवड़ लेकर पुरा महादेव जा रहे थे। कनखल थाना क्षेत्र में प्रेमनगर आश्रम चौक से पहले सर्विस रोड पर पहुंचे। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने जाम लगने का हवाला देते हुए कांवड़ यात्रियों से अभद्रता कर दी। इस बीच कांवड़ की पुलिस से नोकझोंक हो गई। कांवड़ यात्रियों का कहना था कि कोई जाम नहीं लगा। आरोप है कि पुलिस ने हंगामा बढ़ने पर लाठियां फटकार दी, जिसमें कई कांवड़ यात्रियों को लगी और उन्हें चोटें आई हैं। इससे गुस्साए कांवड़ियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

## डोडीताल ट्रैक पर गए लोनिवि के सहायक अभियंता की हार्टअटैक से मौत, साथी के साथ गए थे ट्रैकिंग पर

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** वीरेंद्र चौहान अपने साथी कांति नौटियाल के साथ अगोड़ा गांव से डोडीताल की ट्रेकिंग पर निकले थे। अगोड़ा गांव से करीब 12 किमी की ट्रेकिंग के बाद वीरेंद्र की तबीयत बिगड़ गई

डोडीताल ट्रैक पर गए लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता की हार्टअटैक से मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी सुरक्षित है। ट्रेकरों के फंसे होने की सूचना पर रविवार रात को ही प्रशासन ने रेस्क्यू टीमों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया था। सोमवार को टीम ने 12 किमी की पैदल दूरी तय कर सहायक अभियंता



का शव अगोड़ा पहुंचाया। रविवार को लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड में सहायक अभियंता के पद पर तैनात वीरेंद्र चौहान अपने साथी कांति नौटियाल के साथ अगोड़ा गांव से डोडीताल की ट्रेकिंग पर निकले थे। अगोड़ा गांव से करीब 12 किमी की ट्रेकिंग के बाद वीरेंद्र की तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। यह देखकर कांति नौटियाल घबरा गए। उन्होंने सूचना फोन कर परिचितों को दी। जिन्होंने बाद में जिला आपदा प्रबंधन और पुलिस प्रशासन को यह जानकारी दी। आपातकालीन एसओएस कॉल आने पर डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने रात में ही एसडीआरएफ, वन विभाग व पुलिस विभाग की टीमों को तुरंत मौके पर जाने के निर्देश दिए। मेडिकल टीम को भी जरूरी दवाओं के तैनात रहने के निर्देश दिए गए। तप रही मसूरी॰ हमेशा ठंडी रहने वाली पहाड़ों की रानी में 33 डिग्री पहुंचा पारा, दिन में सन्नाटा, शाम को जाम बाद में एसडीआरएफ के 19 जवानों के साथ ही चार पुलिसकर्मी, चार लोनिविकर्मी, चार स्वास्थ्य विभागकर्मी व 108 एंबुलेंस टीम सहित पांच लोगों को भी रेस्क्यू की जिम्मेदारी दी गई। यह टीम सोमवार तड़के घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने वीरेंद्र के शव को 12 किमी की पैदल दूरी तय कर अगोड़ा गांव पहुंचाया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया, वीरेंद्र चौहान हरि रेजिडेंसी, दून यूनिवर्सिटी रोड देहरादून के रहने वाले थे।

## जिला योजना से 70 करोड़ 20 लाख कार्यों को मंजूरी, मंत्री ने ली बैठक; इन विभागों की योजनाएं स्वीकृत

**नैनीताल, एजेंसी।** प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जिला योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त और समय सीमा के भीतर कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जिला योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त और समय सीमा के भीतर कराना सुनिश्चित करें। योजनाओं का चयन करने से पहले संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से समन्वय करें ताकि जनता की जरूरत के मुताबिक योजनाएं तैयार की जा सकें। कार्यों को मंजूरी दी। यह पिछले वर्ष की जिला योजना से 8.03 प्रतिशत अधिक है। बताया कि जिले के अनुमोदित परिव्यय में सामान्य मद में 55 करोड़ 92 लाख 10 हजार, स्पेशल कंपोनेंट सब प्लान (एससीएसपी) में 13 करोड़ 47 लाख 30 हजार और ट्राइबल सब प्लान में 81 लाख 10 हजार की योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

## उत्तराखंड में गजब...गाय की मौत के सदमे में लड़की ने जान दी, बुजुर्ग ने खाया जहर

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी मंडी क्षेत्र निवासी सेवानिवृत्त रोडवेज चालक भगवान स्वरूप (60) ने बुधवार दोपहर हल्द्वानी कोतवाली के सामने अपनी ही कार में कीटनाशक गटक लिया। एक राहगीर ने पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग को अस्पताल भिजवाया। अब बुजुर्ग की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हल्द्वानी के दमुवाढूंगा कैनाल रोड निवासी वनकर्मी की बेटी जया पलड़िया (15) का शव मंगलवार रात फंदे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार दो दिन पहले घर में हुई गाय की मौत के बाद से किशोरी सदमे में थी। घटना से परिजनों में मातम है। प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जिला योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त और समय सीमा के भीतर कराना सुनिश्चित करें। योजनाओं का चयन करने से पहले संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से समन्वय करें ताकि जनता की जरूरत के मुताबिक योजनाएं तैयार की जा सकें। आर्या बुधवार को यहां जिला योजना समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

# यूजीसी-नेट का एग्जाम कैंसिल होने से खफा छात्रों का दिल्ली की सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को वामपंथी छात्र संगठन आइसा के सदस्यों ने सड़कों पर उतरकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में दिल्ली यूनिवर्सिटी और जेएनयू के छात्र भी शामिल हुए। सभी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। आइसा के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों की पुलिस के साथ धक्का मुक्की भी हुई। इसका वीडियो भी सामने आया है। बीते दिन छात्रों को यूजीसी-नेट एग्जाम कैंसिल करने की जानकारी दी गई। इसके बाद आक्रोशित छात्रों ने शास्त्री भवन पहुंच कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्र आदित्य मिश्रा ने कहा, हमारी पहली मांग यही है कि एनटीए को भंग कर दिया जाए। उसके पास परीक्षा कराने की कूबत नहीं है। ये लोग अब सिर्फ विद्यार्थियों के अरमानों पर पानी फेर रहे हैं, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। लगातार जिस तरह से दो परीक्षाएं लीक हुई हैं। उसने एनटीए की कार्यशैली को सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। अफसोस की बात है कि इससे संबंधित अधिकारी भी इस पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं, जिससे और ज्यादा गंभीर सवाल पैदा होते हैं। प्रदर्शन में शामिल एक अन्य छात्र सूरज ने कहा, हम प्रदर्शन इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि कल हमारे पास एक नोटिस आया, जिसमें कहा गया कि यूजीसी नेट का एग्जाम कैंसिल कर दिया गया है, लेकिन ऐसा करने की वजह सार्वजनिक नहीं की गई है। अब आप बताइए 9 लाख बच्चे पिछले कई सालों से यूजीसी नेट की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अब एक झटके में ही इस एग्जाम को कैंसिल कर दिया गया। हम लोग मांग करते हैं कि धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके अलावा, हमारी यह भी मांग है कि निजी प्रिंटिंग प्रेस से प्रश्न पत्र ना छपवाकर सरकारी प्रिंटिंग प्रेस से छपवाया जाए।

## चार्ज करते वक्त ई-स्कूटी में आग लगी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित सुपरटेक ईको विलेज-2 सोसाइटी की मार्केट में चार्ज करते समय ई-स्कूटी में आग लग गई। आग से आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। हालांकि, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ग्रेनो वेस्ट सेक्टर-16बी स्थित सुपरटेक इको विलेज-2 सोसाइटी स्थित कॉमर्शियल मार्केट में सोमवार की दोपहर ई-स्कूटी को दुकान के सामने चार्ज किया जा रहा था। इसी दौरान ई-स्कूटी में धमाका हुआ और आग लग गई। आग लगने से मार्केट में अफरातफरी मच गई। दुकानदारों और सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम ने स्कूटी में लगी आग पर काबू पाया। आग की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। गनीमत रही कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस और फायर विभाग को इस बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन फायर विभाग की टीम के पहुंचने से पहले आग को बुझा दिया गया था। फायर विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# फिर से हो नीट की परीक्षा, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी कांग्रेस : उदित राज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली को लेकर देश भर में घमासान मचा हुआ है। देश के अलग अलग हिस्सों में लोग परीक्षा फिर से कराने की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के तमाम नेता मोदी सरकार को लीकेज की सरकार बताते हुए हमलावर नजर आ रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि परीक्षा में धांधली हुई है, इसलिए नीट की परीक्षा फिर से होनी चाहिए। उदित राज ने कहा कि नीट परीक्षा का मामला जनता से जुड़ा हुआ है, जो बाहर निकलकर आया है। वरना इस सरकार में कितना भ्रष्टाचार है जो सामने नहीं आ रहा है। नीट में जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसको सरकार मान नहीं रही है। शुरूआत में तो शिक्षा मंत्री भी इस बात को नहीं मान रहे थे कि परीक्षा में धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब इस मुद्दे को उठाया, उसके बाद गुजरात का मामला सामने आया, बिहार का मामला सामने आया। तब जाकर इस बात का खुलासा हुआ कि परीक्षा में धांधली हुई है। देश में हो रही ज्यादातर परीक्षाओं में धांधली हो रही है, सभी में घपला हो रहा है, लेकिन शिक्षा मंत्री मानते ही नहीं हैं। नीट की परीक्षा को रद्द कर, फिर से परीक्षा करानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार हर चीज को प्राइवेट सेक्टर में दे देती है। नीट की परीक्षा कराने वाली एनटीए एक प्राइवेट एजेंसी है। हम चाहते हैं कि नीट परीक्षा कराने वाली एजेंसी सरकार के अंदर आए ताकि सरकारी अधिकारियों को धांधली कराने में डर रहेगा। प्राइवेट एजेंसी को तो कोई डर ही नहीं रहता, ज्यादा से ज्यादा एजेंसी को सरकार कैंसिल कर देगी। देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। यूजीसी नेट की परीक्षा रद्द होने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि छात्र कई महीनों से परीक्षा की तैयारी करते हैं और अचानक से पेपर रद्द हो जाता है। छात्रों के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। देश के युवाओं, किसानों की जिंदगी के साथ सरकार खेल कर रही है, इसलिए देश के युवाओं को भी इस सरकार के खिलाफ सड़क पर आना चाहिए। कांग्रेस पार्टी छात्रों के साथ है, हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे, छात्रों की हर संभव मदद करेंगे।

# राजौरी गार्डन शूटिंग मामले में नया ट्विस्ट, सीसीटीवी में अमन के साथ नजर आई एक संदिग्ध लड़की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन में मंगलवार रात बर्गर किंग आउटलेट में हुई गोलीबारी और हत्या ने राजधानी को हिलाकर रख दिया। दो पक्षों के बीच हुई गैंगवार में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उस व्यक्ति पर करीब 10 से 15 गोलियां चलाई गई थीं। गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें नजर आ रहा है कि पीड़ित अमन को एक टेबल पर ले जाया जा रहा है। वहां पहले से ही एक महिला खड़ी हुई दिख रही है।

घटना के बाद वह अमन का पर्स और मोबाइल लेकर वहां से फरार हो गई। ऐसे में पुलिस को इस बात का शक है कि अमन को टारगेट करने से पहले इस लड़की के जरिए उसे जाल में फंसाया गया था, जो अमन को बर्गर किंग में लेकर आई थी। हालांकि पुलिस की तरफ से लड़की के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। घटना वाली रात वेस्ट जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया था जांच के बाद ही हम यह बता पाएंगे कि मृतक के साथ कोई लड़की थी या फिर लड़की के अलावा कोई अन्य भी उसके साथ था। डीसीपी के अनुसार, दो बड़े गैंगस्टर के बीच गैंगवार की लड़ाई सामने आई है। गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और नवीन वाली गिरोह ने जिम्मेवारी लेते हुए 2020 में शक्ति दादा के हत्या का बदला लेने की बात कही है। आशंका जताई जा रही है कि उसी मामले में अमन जो राजौरी गार्डन बर्गर किंग में मारा गया उसकी मुखबरी पर ही शक्ति दादा की हत्या हुई थी। तभी से हिमांशु भाऊ गिरोह अमन को टारगेट किया हुआ था। और अब लड़की के माध्यम से उसको शिकार बनाया। हालांकि पुलिस की तरफ से यह बात भी स्पष्ट तौर पर नहीं बताई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस दिल्ली हरियाणा और यूपी में तमाम सक्रिय गैंगस्टर से भी पूछताछ में जुटी हुई है और इस वारदात में शामिल बदमाशों का सुराग लगा रही है साथ ही सीसीटीवी में कैद लड़की के रहस्य के बारे में भी पता करने में जुटी हुई है।

# जालसाजों को बैंक खाता बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़कर जालसाजों को बैंक खाते बेचने वाले एक बदमाश को दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कानपुर से गिरफ्तार किया है। इसने अपने एक साथी के साथ मिलकर एक शख्स से 7.48 लाख रुपये की ठगी की थी। जांच में आरोपी के खाते में सिर्फ एक सप्ताह में 7.35 करोड़ रुपये के लेन-देन की जानकारी सामने आई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित गुप्ता के रूप में हुई है। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद हुआ है। जांच में पता चला कि एनसीआर पोर्टल पर उसके खिलाफ 12 शिकायतें दर्ज हैं। पूछताछ में अंकित ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर चार फर्जी फर्म बनाईं। इसके बाद फर्म के पते पर बैंक खाते खुलवाए। उसने सारे बैंक खाते अपने साथी को बेच दिया था। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 26 अप्रैल को साध नगर, पालम निवासी धन सिंह नेगी ने एनसीआरपी पर ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर ठगी की शिकायत दर्ज कराई। बताया कि, 10 अप्रैल को टेलीग्राम ऐप से एक युवती ने उनसे संपर्क किया। उसने पीड़ित को बिना किसी निवेश के प्रतिदिन इंटरनेट पर एक से दो घंटे काम कर अतिरिक्त कमाई करने की बात कही। फिर उसने उनका खाता खोलने के लिए एक लिंक भेजा और बैंक खाते समेत अन्य जानकारी ले ली। इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर निवेश करने के लिए कहा और रुपये ठग लिए।

# जहांगीरपुरी मर्डर केस: क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड के साथ नाबालिग को पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने जहांगीरपुरी हत्या मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन मामले का मुख्य आरोपी और हत्या का मास्टरमाइंड जितेंद्र उर्फ जोगी है। जितेंद्र ने अपने सहयोगी रोहित उर्फ काना और एक नाबालिग के साथ मिलकर जहांगीरपुरी निवासी मोईदुल की हत्या कर दी थी। मृतक मोईदुल ने जितेंद्र पर तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान तेज धार से हमला किया था। इसका बदला लेने के लिए उसने मोईदुल की हत्या कर दी।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि इस मामले में जहांगीरपुरी थाने में 6 जून को मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर में तीन आरोपियों पर हमला करने का जिक्र किया गया था, जिसमें दो को नामजद किया गया था। दोनों आरोपियों को जहांगीरपुरी थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया गया। तीसरे को अज्ञात बताया गया था। 6 और 7 जून की मध्य रात्रि में इस मर्डर मामले में एक नाबालिग के भी शामिल होने की सूचना दी गई थी, जो अज्ञात आरोपी था।

एसीपी नॉर्दर्न ब्रांच के एसीपी विवेक त्यागी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम को मुखबिर की तरफ से नाबालिग के ठिकाने के बारे में सूचना मिली। टीम ने सूचना पर नाबालिग के ठिकाने पर छापेमारी की और उसे पकड़ा लिया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घर से खून से सनी हुई टी-शर्ट को बरामद किया, जो उसने हत्या करने के दौरान पहनी हुई थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच टीम ने मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी जितेंद्र उर्फ जोगी के ठिकानों पर फोकस किया और उसको पकड़ने के लिए लोकल नेटवर्क को सक्रिय किया। मुख्य आरोपी मर्डर के बाद से फरार हो गया था। उसने पुलिस की पकड़ में आने से बचने के लिए फोन का इस्तेमाल बंद कर दिया था। हालांकि टेक्निकल सर्विलांस से मिली जानकारी के बाद उसका पता मंगोलपुरी क्षेत्र में पाया गया। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई और उसको मंगोलपुरी से दबोच लिया गया।

आरोपी जितेंद्र उर्फ जोगी (26) ने 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह जहांगीरपुरी थाने का हिस्ट्री सीटर है। जेल में हमले का बदला लेने के लिए उसने अपने साथियों के साथ मोईदुल की हत्या करने का प्लान बनाया था। दिल्ली के अलग-अलग पुलिस थानों में आर्म्स एक्ट, डकैती, हत्या के प्रयास और अन्य दूसरे 25 अपराधिक मामले पहले से दर्ज है।

# आरएमएल में 24 घंटे में आए दो दर्जन मरीज, अस्पताल ने हीट स्ट्रोक से बचने के बताए उपाय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

देश की राजधानी दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। हीट वेव से हर तरफ लोगों का हाल बेहाल है। अस्पतालों में हर रोज मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हीट स्ट्रोक के मरीज और इससे कैसे बचा जा सकता है, इसको लेकर आईएएनएस ने आरएमएल अस्पताल के डॉक्टर से बात की।

राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि 27 मई से हमने मरीजों का डाटा रिकॉर्ड करना शुरू किया और 19 जून तक हमारे अस्पताल में हीट स्ट्रोक की वजह से 11 की मौत हुई है। इस दौरान 45 मरीज इलाज के लिए हमारे हॉस्पिटल में आए। पिछले 24 घंटे की बात की जाए तो हीट स्ट्रोक के 23 से 24 मरीज आए हैं। बीते दो दिनों में 4 मरीजों की मौत हुई है।

उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक की वजह से जो मौतें हुई है या जो मरीज इलाज के लिए अस्पताल आ रहे हैं, उनमें सबसे ज्यादा वो लोग हैं जो सड़क पर काम करते हैं या ज्यादा देर धूप में रहते हैं। जो डेथ हो रही है उसमें पुरुषों की संख्या ज्यादा है और ज्यादातर लोअर क्लास के लोग हैं।

उन्होंने हीट स्ट्रोक से बचने के लिए कुछ टिप्स भी दिए। डॉक्टर ने कहा कि हीट स्ट्रोक से बचने के लिए लोगों को सूती वस्त्र पहनना चाहिए, धूप में कोशिश करें कि न निकलें और अगर निकलते हैं तो सिर को ढक कर निकलें।

उन्होंने कहा, हीट स्ट्रोक से बचने के लिए मजदूरों को हर 30-45 मिनट के अंतराल में शिकंजी, पानी, नमक-पानी का घोल लेना चाहिए। काम करने के बाद छांव में कुछ देर रुक कर आराम करना चाहिए, बहुत ज्यादा बहादुरी दिखाने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि हीट वेव सभी का असर सभी पर पड़ता है, इसलिए मैं दुआ करता हूं कि जल्द से जल्द तापमान में गिरावट हो, लोगों को राहत मिले, लेकिन तब तक हर किसी के लिए यह जरूरी है कि वह अपना बचाव करे। जुलाई में भी कई बार हीट स्ट्रोक के चांस बढ़ जाते हैं। इसलिए अभी सावधान रहने की जरूरत है, जब तक झमाझम बारिश न हो जाए।

# दिल्ली में गिरते भूजल स्तर को लेकर मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर साधा निशाना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भाजपा नेता व सांसद मनोज तिवारी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत और गिरते भूजल स्तर को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

भाजपा सांसद ने कहा, अरविंद केजरीवाल जी को दिल्ली में गिरते भूजल स्तर की चिंता है या नहीं? मैं उनसे कहना चाहता हूं कि दिल्ली की जनता आपको माफ नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी ने महज अपने आर्थिक फायदे के लिए लोगों को मिलने वाला पानी टैंकर माफिया को दे दिया। उन्होंने कहा, गिरते भूजल को बचाने का सबसे अच्छा तरीका रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है, लेकिन केजरीवाल को इन सब चीजों से कोई लेना-देना नहीं है। वो और उनकी पार्टी के नेता सिर्फ और सिर्फ राजनीति करने में व्यस्त रहते हैं और बाकी दिल्ली की जनता कैसे रहेगी, इन्हें इन बातों से कोई लेना-देना नहीं है। यमुना का भी हाल बेहाल है। यमुना में लगातार पानी सूख रहा है। जल स्तर नीचे जा रहा है। यमुना में सिर्फ और सिर्फ नाली का पानी बह रहा है, लेकिन केजरीवाल सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। भाजपा नेता ने सवाल पूछते हुए कहा, कहां गया आपका विधानसभा का विशेष सत्र? आप लोग तो हर छोटी-छोटी बातों पर विधानसभा का सत्र आहूत करते हैं, लेकिन दिल्ली की जनता पिछले काफी दिनों से भीषण गर्मी की वजह से पानी की किल्लत का सामना कर रही है, लेकिन अभी तक आप लोगों ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना भी जरूरी नहीं समझा। इससे साफ जाहिर होता है कि आप लोग दिल्ली की जनता को लेकर कितने असंवेदनशील हैं।

बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की किल्लत पैदा हो गई है। दिल्ली की जनता एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। कई दफा आम जनता पानी की किल्लत को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने उतर चुकी है, लेकिन केजरीवाल सरकार ने अभी तक ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे आम लोगों को पानी की किल्लत से निजात मिल सके। बीते दिनों दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर पानी ना देने का आरोप लगाया था, जबकि बीजेपी का कहना है कि हरियाणा की ओर से दिल्ली के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाता है, लेकिन यहां केजरीवाल सरकार के संरक्षण में पल रहे वाटर टैंकर माफिया अब लोगों के हितों को ताक पर रखकर पानी का व्यापार करने पर उतारू हो चुके हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

## योग दिवस पर डीयू में रहेंगे केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया सहित डीयू, जेएनयू, अंबेडकर विश्वविद्यालय के अलावा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शुक्रवार को योग दिवस मनाया जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि और सांसद मनोज तिवारी विशिष्ट अतिथि होंगे। डीयू के जनसंपर्क अधिकारी अनूप लाठर ने बताया कि इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों से करीब एक हजार विद्यार्थी भाग लेंगे और योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के निर्देशन में योग करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह छह बजे दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल स्टेडियम परिसर के मल्टीपर्पज हॉल में होगा। डीयू के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ से आह्वान किया कि वह साढ़े पांच बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। जामिया में यह आयोजन विश्वविद्यालय के खेल एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह सात बजे नवाब मंसूर अली खान पटौदी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जामिया में शुरू होगा। विश्वविद्यालय के छात्र, संकाय सदस्य और कर्मचारी योग सत्र में भाग लेंगे।

# दिल्ली पुलसि से मुठभेड़ के बाद टल्लिून-ताजपुरयिा गैंग का शॉर्प शूटर गरिफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस की रोहणिी जलिे की स्पेबशल स्टाकफ ने एक मुठभेड़ के बाद कुख्यात गैंगस्ट्र टल्लिू-ताजपुरयिा गैंग के शॉर्प शूटर सुमति उर्फ झुमका को गरिफ्तार कयिा है। सुमति उर्फ झुमका कंझावला थाने के मर्डर केस में पैरोल जंपर और अलीपुर थाना अंतर्गत एक मर्डर मामले में भी वॉन्टेड था। इसको अब रोहणिी जलिे की स्पेशल स्टाफ ने धरदबोचने में कामयाबी हासलि की है। इस मामले की सूचना रोहणिी जलिे के डीसीपी की तरफ से दी गई है। इस मामले में दिल्ली पुलसि को अभी और जानकारी साझा करनी है। दोपहर डेढ बजे दल्लिीम पुलसि मुख्याअलय में अहम प्रेस कॉन्फ्रें स होगी जसिमें पुलसि इस पूरे ऑपरेशन का खुलासा करेगी। इस बीच देखा जाए तो मई के आखरि में दल्लिीख पुलसि की क्राइम ब्रांच ने भी टल्लिूस-ताजपुरयिा गैंग के एक मेंबर और शॉर्प शूटर वशिाल उर्फ घैसल (24) को अरेस्टा किया था। क्राइम ब्रांच को आरोपी वशिाल के बारे में गुप्त सूचना मलिी थी कि वो विरोधी गैंग के खिलाफ कसिी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फरिाक में है। शॉर्प शूटर वशिाल उर्फ घैसल दल्लिी के गोयला डेयरी का रहने वाला है जोकि मूल रूप से सांपला, रोहतक (हरियाणा) का नविासी है। इस इनपुट पर क्राइम ब्रांच ने पूरा जाल बछिाकर उसको दबोच लयिा था। अब रोहणिी जलिा स्पेइशल स्टॉमफ ने शॉर्प शूटर सुमति उर्फ झुमका को गरिफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासलि की है।

पछिले महीने गरिफ्तार हुआ आरोपी विशाल उर्फ घैसल कम उम्र से ही मूल रूप से सांपला, रोहतक के रहने वाले सुमित उर्फ झुमका को जानता था। सुमित उर्फ झुमका भी हाल में अलीपुर थाना में हुई हत्या में शामिल था और फरार चल रहा था। वशिाल की गरिफ्तारी के बाद से पुलसि सुमति की सरगर्मी से तलाश में जुटी थी। मार्च 2024 में वशिाल की मुलाकात सुमित उर्फ झुमका से हुई थी। वशिाल के बाद टल्लिू-ताजपुरयिा गैंग का शॉर्प शूटर और पैरोल जंपर सुमित उर्फ झुमका को भी पुलसि ने दबोच लयिा है।

# पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में धर्मपाल ने स्वर्ण झटका

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में शहर के धर्मपाल यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने प्रतियोगिता के 93 भारवर्ग में भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की। पिछले साल भी इस खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में स्वर्ण झटका था। पंजाब के पटियाला में 19 जून को राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सफार्बाद निवासी धर्मपाल यादव ने हिस्सा लिया। उन्होंने स्क्वाट में 320, बेंच प्रेस में 215 और डेडलिफ्ट में 270 किलो भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया। धर्मपाल का अगला लक्ष्य एशिया पावरलिफ्टिंग में बेहतर प्रदर्शन करना है। इसके लिए वह तैयारियों में जुट गए हैं। उनके प्रशिक्षक दलजीत सिंह ने धर्मपाल के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। धर्मपाल यादव ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। सकारात्मक परिणाम आया। एशिया चैंपियनशिप में भी अच्छे प्रदर्शन का पूरा प्रयास होगा।

# शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दीं राष्ट्रपति माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की बधाई



नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज एक्स पर पोस्ट करके भारत की राष्ट्रपति माननीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन की अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की मंगलकामनाएं की हैं। वत्स ने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी महिला सशक्तिकरण का दिव्य ज्योति पुंज हैं ओर 140 करोड भारतवासियों की प्रेरणा का स्रोत हैं। हमें आप पर गर्व है।

## नीट की दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल होने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 23 जून को नीट-यूजी, 2024 की दोबारा परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मांगने वाले तीन छात्रों की याचिका को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि उनके आवेदन में कोई दम या तथ्य नहीं है। याचिकाकताओं ने दावा किया कि पांच मई को आयोजित परीक्षा के दौरान समय की बबार्दी के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ा, जिसके लिए उन्हें न तो अतिरिक्त समय दिया गया और न ही कोई अनुग्रह अंक दिए गए। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि उन्हें पहले ही परीक्षा केन्द्र पर अतिरिक्त समय दिया गया था, क्योंकि उन्हें शुरू में दिए गए प्रश्नपत्र को बदलना पड़ा था। न्यायमूर्ति मनोज जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि जीआरसी (शिकायत निवारण समिति) की रिपोर्ट बहुत विशिष्ट है और इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह संकेत दे कि याचिकाकर्ता दोबारा परीक्षा में शामिल होने का हकदार है। याचिका के अनुसार, उन्हें प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट का एक विशेष सेट दिया गया था, जिसे उन्होंने विधिवत भरा था। हालांकि, परीक्षा के बीच में प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट उनसे ले ली गई और दूसरे सेट से बदल दी गई। इसके परिणामस्वरूप समय की हानि हुई।

# छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के समक्ष किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




यूजीसी नेट में पाई गई विसंगतियों और उसके बाद इसे रद्द किए जाने के खिलाफ सैकड़ों छात्रों ने गुरुवार को शिक्षा मंत्रालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में आए छात्र एनटीए को समाप्त करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे।

विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों के मुताबिक नीट में घोटाले के प्रकाश में आने के तुरंत बाद यूजीसी नेट परीक्षा में यह सब हुआ है। यह एनटीए की निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षा आयोजित करने की क्षमता के बारे में चिंताओं को उजागर करता है। कथित यूजीसी-नेट घोटाला एजेंसी के इर्द-गिर्द कई विवादों के बाद हुआ है, जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक होना भी शामिल है। इन घटनाओं ने न केवल छात्रों के लिए तनाव और चिंता पैदा की है, बल्कि उनके भविष्य को भी खतरे में डाल दिया है।

एसएफआई दिल्ली की अध्यक्ष आइशी घोष के मुताबिक ऐसा लगता है कि एनटीए के तहत पेपर लीक और धोखाधड़ी एक आम बात हो गई है। एनटीए की बार-बार विफलताओं के कारण एनटीए को पूरी तरह से खत्म करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपनी अक्षमता के कारण इस्तीफा देना चाहिए। जेएनयूएसयू के उपाध्यक्ष अविजित घोष ने कहा कि एनटीए की स्थापना के बाद से ही वे पूरी शिक्षा प्रणाली का मजाक बना रहे हैं। एनटीए इन परीक्षाओं के संचालन में पूरी तरह से अक्षम रहा है, जैसे कि नीट में पेपर लीक, सीयूईटी में विसंगतियां और अब यूजीसी नेट 2024 से स्पष्ट है। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि नेट रद्द होने से इस साल बड़ी संख्या में छात्रों के पीएचडी प्रवेश की संभावना भी खतरे में पड़ जाएगी। विश्वविद्यालयों को पीएचडी पदों के लिए नेट को मानदंड बनाए बिना अलग से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। इन बार-बार की विफलताओं से निष्पक्ष और सुरक्षित परीक्षाओं की गारंटी देने की एनटीए की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित होती है।

छात्रों का कहना है कि हममें से बहुत से लोगों ने नेट की तैयारी के लिए संघर्ष किया है और अब कुछ लोगों की अक्षमता के कारण अनगिनत छात्रों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यूजीसी नेट से जुड़ी कथित अनियमितताओं की पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की जाए। हम एनटीए को परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी से मुक्त करने और यूजीसी के सीधे अधिकार क्षेत्र में एक अधिक जवाबदेह और मजबूत परीक्षा संचालन प्रणाली स्थापित करने की भी मांग करते हैं।

# 30 जून से पहले अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करें व 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं

नई दिल्ली ।दिल्ली नगर निगम सभी संपत्ति मालिकों/खाली भूमि और भवनों के कब्जाधारियों से अपील करता है कि वे 30 जून, 2024 से पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने बकाया संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान कर 10 प्रतिशत की छूट प्राप्त करें। दिल्ली नगर निगम द्वारा संपत्ति मालिकों/खाली भूमि और भवनों के कब्जेदारों को अपनी संपत्तियों को जियो-टैग करने की भी सलाह दी जाती है। डीएमसी अधिनियम, 2003 (संशोधित) की धारा 114 के प्रावधानों के अनुसार, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी इमारतें और खाली भूमि संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं। इसके अलावा, दिल्ली नगर निगम (संपत्ति कर) उपनियम 2004 के नियम 22 के तहत, संपत्ति कर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल को देय हो जाता है। इसलिए, चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, यह 1 अप्रैल, 2024 को देय हो गया है। करदाताओं को उनके संपत्ति कर के भुगतान में सुविधा प्रदान करने के लिए, संपत्ति विभाग के कार्यालय 30 जून, 2024 तक सभी शनिवार को खोले रहेंगे। इसके अलावा, संपत्ति कर विभाग के जोनल कार्यालयों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों/वार्डों में आरडब्ल्यूए/मार्केट एसोसिएशन की मदद से शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।। चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न वार्डों में 800 से अधिक शिविरों का आयोजन किया गया है और शिविरों के दौरान 24,000 से अधिक करदाताओं ने अपने कर का भुगतान किया है। शिविरों के आयोजन में सहायता के लिए, आरडब्ल्यूए/मार्केट एसोसिएशन संबंधित क्षेत्रीय संपत्ति कर विभाग से अनुरोध कर सकते हैं। सभी करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे 30 जून से पहले अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करें ताकि अंतिम समय सीमा के दौरान होने वाली भीड़ से बचा जा सके। संपत्ति कर का भुगतान ६६६.ङ्क्षिल्ल.ल्ली.ल्ल्र.ल्ल पर लॉग इन करके किसी भी ऑनलाइन गेटवे/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम वढक; वॉलेट, या डिमांड ड्राफ्ट, पे ऑर्डर आदि से भुगतान किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक भुगतान न केवल समय पर रसीद जारी करना सुनिश्चित करेगा बल्कि भुगतान करने में आसानी भी सुनिश्चित करेगा।

सम्पादकीय

# रेल हादसों के सबक

बीते दिनों पश्चिम बंगाल में जो रेल दुर्घटना हुई थी, उसमें 10 लोगों को अपनी जिंदगी खोनी पड़ी। कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन सियालदाह जाने वाली थी, लेकिन मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी और बहुत कुछ ध्वस्त हो गया। पीछे की दो बोगियां मलबा बन गईं। कुछ बोगियां पटरी से नीचे उतर कर पलट गईं। घायलों की संख्या भी 50-60 बताई गई थी। हम उनके स्वस्थ होने और अपने-अपने घर लौटने की दुआ करते हैं। दुर्घटना कोई भी हो, विध्वंस होती है। बीते साल ओडिशा के बालासोर में इतनी भयानक दुर्घटना हुई थी कि प्रधानमंत्री मोदी घटनास्थल पर गए थे। रेल मंत्री का तो यह फर्ज बनता है। उसकी तुलना में इस बार मृतकों की संख्या बहुत कम है। बालासोर हादसे के बाद यही त्रासदी सामने आई है। दुर्घटना की शुरूआती रपटें इसे मानवीय चूक करार दे रही हैं। संभव है कि ऐसा ही हो, लेकिन रेलवे सुरक्षा आयुक्त की सम्यक जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि टक्कर का बुनियादी कारण क्या था? जांच में यह तथ्य भी विचाराधीन होना चाहिए कि मालगाड़ी का लोको पायलट लगातार चार रातों से सोया नहीं था। यह भी अमानवीय नौकरी है। नियम अधिकतम दो रात लगातार ड्यूटी करने की अनुमति देते हैं। यह भी अमानवीय नियम है। वैकल्पिक लोको पायलटों की व्यवस्था होनी चाहिए। यह कैसे होगा, क्योंकि रेलवे में बीते 10 सालों से करीब तीन लाख पद खाली पड़े हैं। उनमें 21 फीसदी लोको पायलट के पद हैं।

उन्हें कब भरा जाएगा? वे तो स्वीकृत और अधिकृत पद हैं, फिर सरकार को इन पदों को भरने में क्या दिक्कत रही है? खुद रेलवे बोर्ड का मानना है कि लोको पायलट की लगातार कई घंटों, दिनों की नौकरी भी बड़े हादसों का बुनियादी कारण है। कवच एक ऑटोमैटिक रेल सुरक्षा सिस्टम है, जिसे स्वदेशी तौर पर ही विकसित किया गया है। सवाल है कि बालासोर रेल हादसे के बाद एक भी रूट किलोमीटर कवच प्रणाली स्थापित क्यों नहीं की जा सकी? इसका जवाब रेल मंत्री देंगे अथवा जांच के बाद कोई यथार्थ सामने आएगा! अभी तक 1465 रूट किमी और 139 रेल इंजनों पर ही कवच स्थापित किया गया है। यह स्थिति फरवरी, 2024 की है और दक्षिण मध्य रेलवे में ही यह व्यवस्था की गई है। बताया जाता है कि कई हजार रूट किमी पर कवच प्रणाली के लिए टेंडर दे दिए गए हैं। वे कब तक इस सुरक्षा प्रणाली को स्थापित कर देंगे, ताकि कोई भी अमूल्य जिंदगी गंवानी न पड़े? कवच ही सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटीशुदा व्यवस्था नहीं है। सिग्नल और इंटरलोकिंग सरीखी तकनीकी समस्याएं हैं, जिनके कारण रेलवे टकराव होते हैं।

# वन संपदा का नुकसान

अखिलेश आर्येन्दु

नवम्बर, 2023 से अब तक उत्तराखंड के तमाम इलाकों में लगी आग की तकरीबन एक हजार दो सौ बयालिस घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं जिससे 1, 696 हेक्टेयर क्षेत्रफल की वन संपदा का नुकसान हो चुका है। कम से कम दस लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। जैव-विविधता का जो नुकसान हुआ है, उसका अनुमान लगाना मुश्किल हैं। जैव-विविधता और जन-गण का नुकसान अभी रु का नहीं है, जिस पर तुरंत काबू पाने की जरूरत है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक राज्य के कुमाऊं मंडल में सबसे ज्यादा 598 और गढ़वाल मंडल में 532 जंगल की आग की घटनाएं घटीं। पिछले आठ महीने में आग की घटनाओं से वन संपदा का ही नाश नहीं हुआ है, बल्कि काफी बड़े इलाके में तपिश भी बढ़ गई है। इसका असर रानीखेत और अल्मोड़ा के जंगलों में बेकाबू आग के रूप में देखा जा सकता है। आग से जंगल ही नहीं जल रहे हैं, बल्कि लोगों के घर, दुकान और ऑफिस को भी नुकसान हो रहा है। महज दिल्ली में ही 26 मई, 2024 तक 8912 घटनाएं घट चुकी हैं, जिनमें 55 लोगों की जान जा चुकी है। अरबों का नुकसान हो चुका है। देश-दुनिया में हर साल आग की लाखों घटनाएं घटती हैं जिससे करोड़ों की संपत्ति नष्ट होती है, मवेशी मारे जाते हैं, और कई लोग इसकी भेंट चढ़ जाते हैं। सरकारों के आग पर काबू पाने और मुस्तैदी के सारे दावे धरे रह जाते हैं। अब तक आग की बाइस हजार से अधिक घटनाएं देश के विभिन्न हिस्सों में घट चुकी हैं, जिससे करोड़ों-अरबों की संपत्ति खाक हो चुकी है। मवेशी और जन धन की जो हानि हुई है, वह अलग। देश के विभिन्न हिस्सों में जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यूं तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, असम, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में भी आग से जंगल तबाह होते रहे हैं, लेकिन जिस बड़े पैमाने पर दोनों पहाड़ी राज्यों में तबाही देखने को मिलती है वैसी अन्य किसी राज्य में नहीं। पिछले तीस वर्षों में आग की लाखों छोटी-बड़ी घटनाएं घट चुकी हैं जिनमें लाखों हेक्टेयर जमीन में खड़े जंगल प्रभावित हुए हैं। जैविक-विविधता का नाश हुआ है और जीव-जंतु मारे गए। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के अनुसार भारत को 50 फीसद जंगलों को आग से खतरा है, जिसमें अधिकतर जंगल हिमाचल, जम्मू, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम के हैं। कई बार सूखे पत्तों और घनी झाडिों को जलाने के लिए आग लगाई जाती है। माना जाता है कि स्थानीय निवासियों द्वारा छोटे इलाकों में सूखे पत्तों और छोटी सूखी वनस्पतियों को जलाने से बड़ी विनाशकारी आग की घटनाएं नहीं होती हैं जिससे पर्यावरण की क्षति, वन क्षेत्र की वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के विनाश का भी खतरा नहीं रहता। राज्य सरकार और केंद्र सरकार को इस तरह के लोगों को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित करके छोटे इलाकों के पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले खर-पतवारों को जलाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। लेकिन यह काम बहुत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। कई बार छोटी आग विकराल रूप धारण कर विनाश की वजह भी बन जाती है। दरअसल, पहाड़ी जीवन समतल इलाकों में रहने वालों से कई मामलों में अलग होता है। पहाड़ी इलाकों के रहवासियों का पालन-पोषण जंगल ही करते रहे हैं। फल-फूल, मेवे, औषधियां, जलाऊ लकडिां और मकान बनाने की लकडिां भी जंगलों से आराम से मिल जाती थीं। 1988 में केंद्र सरकार ने जो वन नीति बनाई थी उससे जंगलों को संरक्षित करने और उनका विस्तार करने में सहूलियत तो मिली लेकिन उत्तराखंड बनने के बाद जिस तरह से वनों में माफिया समूहों, तस्करों और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से लूट मची, उससे उत्तराखंड बनने का उद्देश्य खंड-खंड हो गया। आज भी उत्तराखंड में तमाम तरह की समस्याएं हैं, जिनका हल निकाला जाना चाहिए। पर्यटन के मामले में उत्तराखंड देश के दूसरे राज्यों से काफी आगे है, लेकिन जिस रूप में पर्यटन का विकास हो रहा है, उससे कई तरह की दुारियां भी पैदा हो रही हैं जिनमें जंगल काट कर भवनों का निर्माण भी एक है। आज उत्तराखंड में भारत ही नहीं, विदेश की अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी यहां की अमूल्य संपदा का दोहन कर पूरे इलाके को खोखला करने में लगी हुई हैं। रोजगार देने और खुशहाली का नया दौर शुरू करने का सब्जबाग दिखाने वाली ये कंपनियां राज्य सरकार से खाद पानी पाती रही हैं। राज्य सरकार अवैध निर्माण, अवैध जगली जंतुओं के शिकार, अवैध खनन और वन की अमूल्य औषधियों एवं लकडिों की तस्कारी रोकने में विफल रही है। जिस लक्ष्य को लेकर उत्तराखंड का निर्माण किया गया था, वह लक्ष्य आज भी अधूरा है। पहाड़ के निवासियों द्वारा उत्तराखंड निर्माण के समय देखे गए स्वप्न जंगलों के साथ लगातार जलते आए हैं। हर बार चुनाव के समय हर पार्टी उत्तराखंड को सबसे खुशहाल राज्य बनाने का वादा करके सत्ता में आती है, और सत्ता मिलते ही अपना गुणा-भाग और नफा-नुकसान केवल पर्यटन को बढ़ावा देने और नई-नई देशी-विदेशी कंपनियों के जरिए केवल लाभ कमाने पर सारा ध्यान केंद्रित कर देती हैं। जो इस प्रदेश की मूल समस्याएं हैं, उनके लिए कोई ठोस दूरगामी कदम और योजनाएं नहीं बनाई जातीं। जब जंगल जलता है तो केवल जंगल नहीं जलता, बल्कि इस इलाके का आधार ही जल कर खाक हो जाता है। देवभूमि कही जाने वाला इस पहाड़ी प्रदेश के अस्तित्व में आने के बाद यह अनगिनत प्राकृतिक त्रासदियों को झेलने के लिए मजबूर होता रहा है। शासन, प्रशासन प्राकृतिक त्रासदियों से छुटकारा दिलाने या मलहम लगाने के लिए तत्काल कदम उठाता तो है लेकिन जिस स्तर पर आग से लोगों का नुकसान होता है, उसकी भरपाई प्रशासन भी करने में नाकाम रहता है। जरूरत है जिम्मेदार विभाग और उनमें जिम्मेदार अधिकारियों को लापरवाही करने के प्रति चेतावनी देने की। कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही को गम्भीर अपराध माना जाना चाहिए। प्रशासन अपने कर्त्तव्य के प्रति चुस्त रहेगा तो जगंल की बेकाबू होती आग भविष्य में विकराल रूप नहीं धारण कीं। और साथ में यह भी सोचना होगा कि प्राकृतिक संपदा को बचाने के लिए बड़े स्तर पर ऐसी योजना बनाई जानी चाहिए जिससे आगे लगने पर तुरंत उस पर काबू पाया जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः आत्मा का परमात्मा से मिलन ही राजयोग है!

वास्तव में जब हम आत्म स्वरूप में रहकर परमात्मा को याद करते है, तब हमारी आत्मा का कनेक्शन परमात्मा से जुड़ जाता है, इसी रूहानी आत्मा के परमात्मा से मिलन की विधि को राजयोग कहा जाता है। राजयोग एक ऐसी चमत्कारी अध्यात्म से जुड़ी रूहानी साधना है, जो न सिर्फ तन- मन को शुद्ध करती है बल्कि राजयोग के माध्यम से आत्मा को पवित्र कर परमात्मा से मिलन मनाने की एक पावन युक्ति भी है। योगाभ्यास से शारिरिक व्यायाम व प्राणायाम कर हम अपने तन- मन को निरोगी बना सकते है। लेकिन राजयोग आत्मिक शांति का साधन है। अगर हम शारिरिक व्यायाम व योगासन करना चाहे तो उसका अनुकूल समय सूर्योदय व सूर्यास्त काल है। शारिरिक व्यायाम व योगासन हमेशा खाली पेट करना चाहिए। यह भी मनुष्य के लिए हितकारी है। योग शांत वातावरण और स्वच्छ स्थान में ही करना चाहिए। योग के समय अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखना चाहिए। योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें, तो बेहतर परिणाम मिल सकते है। योग के नाम पर अपने शरीर के साथ जबरदस्ती बिल्कुल ना करें, अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही भौतिक योग करे। शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है। योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है।





डॉ श्रीगोपाल नारसन

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के पुलिस लाइन मैदान में आध्यात्म की विश्व स्तरीय संस्था ब्रह्माकुमारीज भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के साथ मिलकर योग का एक भव्य आयोजन कर रहा है, जिसमे राज्यभर से बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे है। ऐसा ही आयोजन देशभर के अन्य राज्यो, महानगरों, जनपदों, कस्बो व गांव गांव में 21 जून को किया जा रहा है। वास्तव में जब हम आत्म स्वरूप में रहकर परमात्मा को याद करते है, तब हमारी आत्मा का कनेक्शन परमात्मा से जुड़ जाता है, इसी रूहानी आत्मा के परमात्मा से मिलन की विधि को राजयोग कहा जाता है। राजयोग एक ऐसी चमत्कारी अध्यात्म से जुड़ी रूहानी साधना है, जो न सिर्फ तन- मन को शुद्ध करती है बल्कि राजयोग के माध्यम से आत्मा को पवित्र कर परमात्मा से मिलन मनाने की एक पावन युक्ति भी है। योगाभ्यास से शारिरिक व्यायाम व प्राणायाम कर हम अपने तन- मन को निरोगी बना सकते है। लेकिन राजयोग आत्मिक शांति का साधन है। अगर हम शारिरिक व्यायाम व योगासन करना चाहे तो उसका अनुकूल समय सूर्योदय व सूर्यास्त काल है। शारिरिक व्यायाम व योगासन हमेशा खाली पेट करना चाहिए। यह भी मनुष्य के लिए हितकारी है। योग शांत वातावरण और स्वच्छ स्थान में ही करना चाहिए। योग के समय अपना पूरा ध्यान अपने योग अभ्यास पर ही केंद्रित रखना चाहिए। योग अभ्यास धैर्य और दृढ़ता से करें, तो बेहतर परिणाम मिल सकते है। योग के नाम पर अपने शरीर के साथ जबरदस्ती बिल्कुल ना करें, अपनी सामर्थ्य के अनुसार ही भौतिक योग करे। शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है। योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, खास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एचआईवी पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणामों के साथ चल रहा है। चिकित्सा वैज्ञानिकों के अनुसार, योग चिकित्सा तंत्रिका और अंतःस्त्रावी तंत्र में बनाए गए संतुलन के कारण सफल होती है जो शरीर के अन्य सभी प्रणालियों और अंगों को सीधे प्रभावित करती है।

अधिकांश लोगों के लिए, योग केवल तनावपूर्ण समाज में स्वास्थ्य बनाए रखने का मुख्य साधन हैं। योग बुरी आदतों के प्रभावों को उलट देता है -- जैसे कि सारे दिन कुर्सी पर बैठे रहना, मोबाइल फोन को ज्यादा इस्तेमाल करना, व्यायाम ना करना, गलत खान-पान रखना इत्यादि। इनके अलावा योग के कई आध्यात्मिक लाभ भी हैं। यह स्वयं योग अभ्यास करके हासिल किया जा सकता है। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुँचाता है। योग को अवश्य अपनायें और अपनी मानसिक, भौतिक, आत्मिक और अध्यात्मिक सेहत में सुधार लायें। योग भारतीय संस्कृति और जीवन शैली का एक अभिन्न अंग है इसके महत्व और वैज्ञानिकता को पूरे विश्व द्वारा स्वीकार किया जाना देश के लिये एक गर्व की बात है। भारतीय सभ्यता, संस्कृति और जीवन शैली के अभिन्न अंग योग की महत्व तथा वैज्ञानिकता को पूरा विश्व स्वीकार कर चुका है। योग सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन जीने की सर्वश्रेष्ठ कला है। यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक विशुद्ध विज्ञान है। योग सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। जो हमारे शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। योगाभ्यास से संयम, धर्य और सहिष्णुता जैसे मानवीय गुण पोषित होते हैं. यह मानसिक भटकाव तथा तनाव से मुक्ति का सबसे कारगर उपाय है। योग में ह्रासंभावनाओं को संभवह्न में परिवर्तित करने की जादुई शक्ति निहित है। विज्ञान व तकनीकि के इस युग में इंसान कई तरह के मानसिक दबाव के बीच जीने को मजबूर होकर तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहा है। ऐसे में योग ही एक ऐसा निर्विवादित और शुद्ध उपाय है जो सहज व स्वस्थ जीवन जीने की शक्ति दे सकता है। योग क्रिया का पूरा फायदा मिले, इसके लिए जरूरी है कि योग सही तरीके से किया जाए। सुबह-शाम कभी भी आसन कर सकते हैं लेकिन भरपेट खाना खाने के 3-4 घंटे बाद, हल्के स्नैक्स के घंटे भर बाद, चाय, छाछ या तरल चीजें लेने के आधे घंटे बाद और पानी पीने के 10-15 मिनट बाद आसन करना अच्छा रहता है।

3 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति योग कर सकता है। 12 साल तक के बच्चों को हल्के योगासन और प्राणायाम करना चाहिए। महिलाओं को गर्भावस्था में कठिन आसन व कपालभांति आदि नही करना चाहिए। महिलाएं मासिक धर्म के समय, नॉर्मल डिलिवरी के 3 महीने बाद तक और ऑपरेशन के 6 महीने बाद तक योग नही करना चाहिए। इसके अलावा कमर दर्द हो तो आगे न झुकें, अगर हर्निया हो तो पीछे न झुकें। दिल से जुड़ी बीमारी वालों को योगासन शुरू करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। खुले में ताजा हवा में योग करना बेहतर है। जरूरी है कि योग के समय वातावरण शांत रहे, मन को शांत देने वाला संगीत हल्की आवाज में बजा सकते हैं।

जमीन पर मैट, दरी या कालीन बिछाकर योग करना चाहिए। थोड़े ढीले कॉटन के कपड़े पहनना बेहतर रहता है। टी-शर्ट व ट्रैक पैंट आदि में भी कर सकते हैं। योगासन आंखें बंद करके करना चाहिए। इससे योग और भी प्रभावशाली हो जाता है। लेकिन राजयोग आंखे खोलकर करना चाहिए। ध्यान योग में शरीर के उन हिस्सों पर ध्यान लगाएं, जहां आसन का असर हो रहा है, जहां दबाव पड़ रहा है। भाव से करेंगे तो प्रभाव जल्दी और ज्यादा होगा। योग में सांस लेने और छोड़ने की बहुत अहमियत है। जब भी शरीर फैलाएं, पीछे की तरफ जाएं, सांस भरते हुए करें और जब भी शरीर सिकुड़े या आगे की ओर झुकें, सांस छोड़ते हुए झुकें। सांस नाक से लें, मुंह से नहीं। योग करते हुए शरीर को शिथिल रखें और झटके से बचाएं। झटके से आसन न करें। उतना ही करें, जितना आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं। योग तत्वेतः बहुत सूक्ष्मज विज्ञान पर आधारित एक आध्यागत्मि विषय है जो मन एवं शरीर के बीच सामंजस्यी स्थापित करने पर ध्याधन देता है। यह स्वस्थ जीवन - यापन की कला एवं विज्ञान है।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है

भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि मुनियों से योग की शुरूआत हुई, तत्पश्चात भगवान कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने अपने-अपने तौर तरीके से इसका विस्तार किया ।इसके उपरांत अनुशासित व्यवस्थित रूप पतंजलि के द्वारा किया गया ।प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य में सिंधु घाटी सभ्यता से प्राप्त वस्तुएं जिनकी शारीरिक मुद्राएं और आसान उस काल में योग के अस्तित्व के प्रत्यक्ष प्रमाण है ।अगर हम लोग योग के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो इसका प्रारंभ या अंत का कोई प्रमाण नहीं मिलता ।लेकिन सबसे पुराना और सर्वप्रथम ग्रंथ वेद है, जिसमें योग उल्लेख है ।नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति संपूर्ण और स्वस्थ जीवन जी सकता है । स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत लाभकारी है ।नियमित योगाभ्यास से मांसपेशियों की शक्ति और लचीलापन बढ़ता है, जिससे शरीर मजबूत और संतुलित रहता है ।योग से मांसपेशियों की शक्ति और लचीलापन बढ़ता है, जिससे शरीर मजबूत और संतुलित रहता है ।विभिन्न योगासन और मुद्राएं शरीर की संरचना को सुधारती हैं और उचित मुद्रा को बनाए रखने में मदद करती हैं ।और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति बीमारियों से बचा रहता है ।योग में ध्यान और प्राणायाम के अभ्यास से मानसिक शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है ।योग से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और मानसिक स्पष्टता बढ़ती है, जिससे मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार होता है ।





लेखक :- निरंजन कुमार
अधिवक्ता,पटना उच्च न्यायालय

योग स्वयं की, स्वयं के माध्यम से, स्वयं तक की यात्रा है - भगवत गीता

योग की उत्पत्ति अति ही प्राचीन है, जिसकी शुरूआत भारत से हुई थी। ऐसा अनुमान है कि जब से सभ्यता है, तब से योग है । अर्थात योग का जन्म प्राचीनतम धर्म आस्थाओं से पूर्व ही हो चुका था। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी अर्थात आदि गुरु माना गया है । भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि मुनियों से योग की शुरूआत हुई, तत्पश्चात भगवान कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने अपने-अपने तौर तरीके से इसका विस्तार किया । इसके उपरांत अनुशासित व्यवस्थित रूप पतंजलि के द्वारा किया गया। प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य में सिंधु घाटी सभ्यता से प्राप्त वस्तुएं जिनकी शारीरिक मुद्राएं और आसान उस काल में योग के अस्तित्व के प्रत्यक्ष प्रमाण है। अगर हम लोग योग के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो इसका प्रारंभ या अंत का कोई प्रमाण नहीं मिलता । लेकिन सबसे पुराना और सर्वप्रथम ग्रंथ वेद है, जिसमें योग उल्लेख है।

नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति संपूर्ण और स्वस्थ जीवन जी सकता है। स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत लाभकारी है। नियमित योगाभ्यास से मांसपेशियों की शक्ति और लचीलापन बढ़ता है, जिससे शरीर मजबूत और संतुलित रहता है। योग से मांसपेशियों की शक्ति और लचीलापन बढ़ता है, जिससे शरीर मजबूत और संतुलित रहता है। विभिन्न योगासन और मुद्राएं शरीर की संरचना को सुधारती हैं और उचित मुद्रा को बनाए रखने में मदद करती हैं। और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे व्यक्ति बीमारियों से बचा रहता है। योग में ध्यान और प्राणायाम के अभ्यास से मानसिक शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। योग से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और मानसिक स्पष्टता बढ़ती है, जिससे मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार होता है। भावनात्मक संतुलन और आत्म-संयम में वृद्धि होती है। योग के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर के आत्मज्ञान और उच्च चेतना को प्राप्त कर सकता है। योग से व्यक्ति में शांति, संतोष और समर्पण की भावना बढ़ती है, जिससे जीवन में एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। योग अभ्यास से व्यक्ति में संयम और सहिष्णुता बढ़ती है, जिससे समाज में सामंजस्य और सहयोग की भावना उत्पन्न होती है। सामूहिक योगाभ्यास से सामाजिक जुड़ाव और समर्थन मिलता है, जिससे व्यक्ति अकेलापन महसूस नहीं करता।योग अभ्यास से रक्तचाप नियंत्रित रहता है और हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है। योगासन और प्राणायाम से पाचन तंत्र बेहतर होता है, जिससे भोजन का पाचन सही ढंग से होता है। प्राणायाम के माध्यम से श्वसन तंत्र की क्षमता बढ़ती है, जिससे फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का थीम ह्वमहिला सशक्तिकरण के लिए योगह्व है । योग महोत्सव 2024 का लक्ष्य योग को एक व्यापक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है, जिसमें महिलाओं की भलाई को बढ़ावा देने और वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा । ताकि महिलाओं की उम्र या परिस्थितियों की परवाह किए बिना उनके स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा सके। इस पहल का उद्देश्य साक्ष्य-आधारित अनुसंधान के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। योग महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक व्यापक उपकरण के रूप में कार्य करता है। सशक्त महिलाएं पूरे समाज में परिवर्तन, समावेशिता, विविधता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आज, योग दुनिया भर में अभ्यास किया जाता है, शहरी स्टूडियो से ग्रामीण स्ट्रीट तक, और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। भारत में, योग को वार्षिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मनाया जाता है, जिसे 21 जून को मनाया जाता है, जो इसकी वैश्विक महत्व को उजागर करता है। भारतीय सरकार ने पारंपरिक प्रथाओं, जिसमें योग भी शामिल है, को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) की स्थापना भी की है । उडश्क्क-19 महामारी ने योग के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया है, क्योंकि लोगों ने तनाव को प्रबंधित करने और घर पर रहते हुए शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के तरीके खोजे। ऑनलाइन योग कक्षाएं और वर्चुअल कार्यशालाएं बढ़ी हैं, जिससे योग अधिक व्यापक दर्शकों के लिए सुलभ हो गया है। योग सभी आयु वर्ग समूहों के लिए स्व उपचार व्यायाम और पदती है, जो स्व उपचार में मदद करता है। अगर 30 मिनट भी योग में समर्पित करते हैं, तो योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जी सकते है । वर्तमान समय में व्यस्त भागदौड़ की जिंदगी में नियमित रूप से योग करना अति आवश्यक है, जिससे मनुष्य स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी जीवन व्यतीत कर सके। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारता है, बल्कि मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। प्राचीन भारत से आधुनिक अभ्यास तक योग की यात्रा इसकी कालातीत अपील और गहरे प्रभाव का प्रमाण है। इसका समग्र दृष्टिकोण शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्रदान करता है, जो इसे परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बनाता है। जैसे-जैसे अभ्यास विकसित हो रहा है, योग संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है, जो सभी उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ है। चाहे आप शारीरिक फिटनेस में सुधार करना चाहते हैं, तनाव का प्रबंधन करना चाहते हैं, या आध्यात्मिक यात्रा पर जाना चाहते हैं, योग सद्भाव और कल्याण प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का रूप है योग

संजय गोस्वामी

21 जून, 2024 को स्वयं और समाज के लिए योग थीम के साथ 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार अभ्यास के योग के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अवसर प्रदान कर रही है वेदों के अनुसार, भारत में योग की उत्पत्ति वैदिक काल में हुई है। सबसे प्राचीन योगिक शिक्षाएँ वैदिक योग या प्राचीन योग के नाम से मशहूर हैं और इसे चार वेदों द्द ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद में देखा जा सकता है। वैदिक योग से जुड़े अनुष्ठान और समारोह मन को तरोताजा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए, उस समय लोगों ने वैदिक योग को जीवन के बहुत ही महत्त्वपूर्ण पहलू के रूप में अपनाया था। योग को अदृश्य दुनिया से जुड़ने और अपने आप को किसी के प्रति समर्पित करने का एक तरीका माना जाता है। योग आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का ही रूप है योग विज्ञान और उसकी क्रियाओं की वैज्ञानिक महत्ता आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों, के रूप में खासकर योग को बढ़ावा दे रहा है। सरकार की इस पहल से सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में योग प्रशिक्षकों के लिए रोजगार के मौके हैं। योग कला के साथ विज्ञान भी है और यह मानवता की भलाई की शक्तियाँ रखता है। योग तनावों एवं परेशानियों की रोकथाम और उनसे बचाने में मदद कर सकता है। माना जाता है कि वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित धर्मों की संसद में आधुनिक योग की उत्पत्ति हुई थी। स्वामी विवेकानंद ने धर्मों की संसद में, अमेरिकी जनता पर स्थायित्व से परिपूर्ण प्रभाव डाला था। उसके फलस्वरूप वह योग और वेदांत की ओर छात्रों को आकर्षित करने में काफी सफल हुए। उसके बाद, दूसरे योगगुरू परमहंस योगानन्द को माना जाता है। वर्तमान समय में, पतंजली योग पीठ ट्रस्ट के स्वामी रामदेव ने भारत के प्रत्येक घर में और यहाँ तक विदेशों में भी योग का प्रसार करने में कामयाबी हासिल की है। योग से तनाव में राहत, भावनाओं पर अधिक नियंत्रण रहाध्यान बढ़ा देने के साथ, एकाग्रता शक्ति में वृद्धि होती है पूर्व शास्त्रीय योग में सब कुछ कठोर एकाग्रता पर केंद्रित होता है। इस अवधि के दौरान योग ने एक दिलचस्प मोड़ ले लिया था, क्योंकि इस अवधि के योग शरीर के अंदर छिपी क्षमता की जाँच करने में सक्षम थे। इसलिए, शरीर का नवीनीकरण करने के लिए योग गुरुओं द्वारा साधनाओं की एक प्रणाली का निर्माण किया गया था। इससे परिणामस्वरूप वर्तमान योग के एक शौकिया प्रारूप हठ-योग की रचना हुई। शारीरिक लाभरूशरीर का संतुलन, वसा घटाने और लचीलापन से चुस्त शरीरहृदय गति में लाभ समग्र ऊर्जा स्तर में वृद्धि, बेहतर मांसपेशियों की शक्ति, हतर प्रतिरक्षा प्रणाली, पाचन शक्ति में वृद्धिउचित मांसपेशी शरीर के वजन का नियंत्रण होता है नियमित योग अभ्यास से शरीर के विभिन्न मांसपेशी और मन का नियंत्रणयोग और ध्यानयोग में योगसन स्वच्छता, स्नानादि से शरीर पुष्ट एवं शुद्ध होता है। यद्यपि उनका ध्यान-क्रिया से कोई सीधा सम्बंध नहीं है, तथापि उनका एक महत्त्व है। यम, नियम का पालन करने पर आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार को अभ्यास करने पर धारणा की अवस्था प्राप्त होती है। धारणा ध्यान की पूर्वावस्था है और ध्यान का परिपाक समाधि है। योग की विभिन्न प्रक्रियाएँ, ध्यान का प्रक्षेपण इत्यादि, सिद्ध गुरु के निर्देशन में ही करना चाहिए, अन्यथा वे प्राणघातक भी हो जाती हैं। वास्तव में पतञ्जलि-प्रणीत अष्टांग योग के अंग परस्पर सम्बंध हैं तथा सभी का एक साथ अभ्यास होना संभव तथा उचित है। क्रमशः यम, नियम, आसन, प्रामायाम इत्यादि का अभ्यास करना साधना को कठिन बना देता है। ध्यान अष्टांग-योग का मध्य बिन्दु है। (यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार को, विशेषतः आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार को श्हठयोगश भी कहते हैं) ध्यान के द्वारा हम समस्त चेतना को स्थूल बहिर्जगत से समेटकर भीतर सूक्ष्म चेतना की ओर उन्मुख करते हैं। साधक को साध्य प्राप्त हो जाता है, मंज़िल मिल जाती है। योग वास्तव में भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है और इतिहास के साथ-साथ योग में भी परिवर्तन देखने को मिले हैं। योगः सार्वभौमा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड योगमय है एवं ब्रह्माण्ड की प्रत्येक क्रिया योगमय है। प्रत्येक सौर मण्डलों के ग्रहों की निष्चित गति एवं उनकी निष्चित परस्पर दिषा एवं दूरी, उनके निष्चित सामंजस्य से प्रतीत होता है कि सब अपने-अपने कर्मयोग में बंधे हुए हैं। चराचर जगत व्यवहार योगमय प्रतीत होता है। जड़-चेतन की अधिक व्याख्या न करते हुए यहाँ पर यदि प्राणियों विषेशकर मानव जगत के ही विस्तृत व्यवहारों में से थोड़े से पहलुओं को ध्यान में रखते हुए

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जून, 2024


## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर के होटल से बाल श्रमिक हुआ विमुक्त

इसुआपुर। श्रम आयुक्त, बिहार के निर्देश के आलोक में श्रम विभाग के धावा दल द्वारा प्रखंड के इसुआपुर बाजार और सढ़वारा बाजार में बाल श्रम विमुक्ति हेतू छापेमारी की गई। अभियान में श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी इसुआपुर संजय कुमार झा, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी पानापुर सत्यवान कुमार तथा श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी मढ़ौरा जाहिद अख्तर अंसारी शामिल थे। इस दौरान धावा दल द्वारा इसुआपुर बाजार स्थित एक होटल से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। वहीं होटल संचालक के विरुद्ध इसुआपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। साथ ही 20 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया है। श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी संजय कुमार झा ने बताया कि विमुक्त कराए गए बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, सारण के समक्ष प्रस्तुत कर उनके आदेश पर बाल गृह को सौंप दिया गया है। साथ ही बताया कि विमुक्त बाल श्रमिक को श्रम विभाग के बाल श्रमिक पुनर्वास योजना के तहत देय सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में बाल मजदूरी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अतर्गत पूरे पदेश में बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया जा रहा है।

### एसपी ने इसुआपुर थाना का किया औचक निरीक्षण

इसुआपुर। सारण पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कुमार आशीष ने इसुआपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओडी अधिकारी मोहम्मद फिरोज से आवश्यक पूछताछ किया। वहीं एसपी ने थाने के सभी अभिलेखों की गहनता से जांच की तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### तीन सप्ताह पूर्व अपहरण हुईं युवती को पुलिस ने किया बरामद

एकमा - स्थानीय थाना क्षेत्र के एकडीपुर गांव से 27 मई 2024 को शादी कि नियत से एक युवती का अपहरण कर लेने की प्राथमिकी युवती के पिता ने थाने में दर्ज कराकर सिवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के बदरजीर्मी गांव निवासी सकलदेव महतो के पुत्र रंजन महतो को नामजद अभियुक्त बनाया था। जहां पुलिस ने युवक की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। जहां बृहस्पतिवार के दिन गुप्त सूचना के आधार पर युवती एवं युवक को थाना क्षेत्र के आमडाढी गांव के पश्चिमी रेलवे ढाला के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया। वहीं युवती को 164 का बयान हेतु छपरा न्यायालय भेज दिया।

### अररिया में उद्घाटन से पहले 12 करोड़ का पुल गिरा

बेतिया मोहन सिंह। जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भ्रष्टाचार पर कहा कि जब हर योजना में 40 प्रतिशत घूस ली जाएगी तो पुल टुटेगा नहीं तो पुल टिकेगा ? 100 रुपये आया, उसमें 40 रुपये चोरी कर ली गई तो पुल जब बनेगा तो टूट ही जाएगा। आज बिहार में जो सड़क बन रही है वो टूट क्यों रही है ? 100 रुपये आया, उसमें 40 रुपये चोरी कर ली गई तो सड़क टूट ही जाएगी। बिहार में नाली बनाने के लिए बिहार के गरीब जनता का 80 हजार करोड़ रुपये खर्च करना है, मगर 1 आदमी के घर में उचित नाली बन कर तैयार हो गई हो ऐसा कम दिखता है। बिहार में आज ऐसे बहुत कम लोग होंगे जिसके घर में पक्की नाली बनी हो।

# जिलाधिकारी ने निर्माणधीन एनएच-19 के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक

- अभी तक के कार्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये संवेदक को अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था कर जुलाई माह के अंत तक दोनों लेन के कार्यों को पूरा करने का दिया निदेश



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय जिलाधिकारी अमन समीर ने गुर7वार सारण जिला अंतर्गत निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च पथ 19 के कार्य प्रगति की समीक्षा की। हाजीपुर से छपरा तक 66.74 किलोमीटर लंबाई के इस पथान्श का 3.10 किलोमीटर अंश वैशाली जिला में तथा 63.64 किलोमीटर अंश सारण जिला में निमार्णाधीन है। इस पथ के एक एक खंड के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई तथा प्रत्येक के खंड के लिये शेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु समय सीमा का निर्धारण किया गया। संवेदक द्वारा बताया गया कि हाजीपुर से यदुवंशी चौक के बीच दोनों लेन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इस खंड में गंडक नदी पर निमार्णाधीन पुल का कार्य 6 महीने में पूरा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था कर पुल निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने का निदेश दिया। यदुवंशी चौक से विजय ढाबा के बीच दोनों लेन को 31 जुलाई तक पूरा कर लिया जायेगा। विजय ढाबा से पट्टी पुल तक के दोनों लेन के शेष कार्यों को भी 31 जुलाई तक पूरा करने का निदेश दिया गया। पट्टीपुल से आगे आमी आरओबी तक का कार्य भी जुलाई माह के अंत तक पूरा करने को कहा गया। निर्माणधीन आरओबी के एप्रोच पथ को भी जुलाई माह में पूरा करने का निदेश दिया गया। आमी आरओबी से बिशनपुरा तक के भाग के शेष कार्य को 20 जुलाई तक पूरा किया जायेगा।बिशनपुरा के पुराने आरओबी की मरम्मती या इसकी जगह नये आरओबी के निर्माण हेतु रेलवे प्रशासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त कर आगे की कार्रवाई तेजी से सुनिश्चित करने का निदेश एन एच ए आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को दिया गया। बिशनपुरा से मेथवलिया चौक तक के खंड को 15 जुलाई तक दुरुस्त करने को कहा गया। इस पथ के लिये किये गये भू-अर्जन में अद्यतन 42 रैयतों द्वारा भुगतान नहीं लिया गया है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवश्यक प्रक्रिया पूरा कर सभी रैयतों को भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया। कुछ जगहों पर जमीन से संबंधित स्थानीय व्यवधान के कारण कार्य बाधित होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर एवं अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर को 10 दिनों के अंतर्गत इन सभी स्थलों पर स्थानीय समस्या का निराकरण सुनिश्चित करने का निदेश दिया। साथ ही कार्यकारी एजेंसी एनएचएआई के पी डी एवं संवेदक मधुकॉन प्रोजेक्ट लिमिटेड के प्रतिनिधि को तय की गई समय सीमा के अंतर्गत कार्य को पूरा करने का स्पष्ट निदेश दिया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, एन एच ए आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजू कुमार, संवेदक प्रतिनिधि सहित अन्य अभियंता उपस्थित थे।

## भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने की दी गयी जानकारी

प्रात :किरण संवाददाता

पानापुर(सारण)प्रखंड के महम्मदपुर बाजार पर गुरुवार को कृषि विभाग द्वारा किसान चौपाल लगाकर मिट्टी के नमूनों की जांच की गयी एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गयी 'कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विभाग के जिला सहायक अनुसंधान पदाधिकारी हरेराम सिंह एवं अन्य कृषि विशेषज्ञों ने उपस्थित किसानों से प्राप्त मिट्टी के नमूनों की जांच की 'उन्होंने कहा कि अच्छी उपज के लिए मिट्टी की जांच जरूरी है एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए उसकी जांच आवश्यक है 'उन्होंने उपस्थित किसानों को सलाह दी कि कृषि विशेषज्ञों द्वारा मिट्टी के जांचोपरांत ही जैविक खादों का प्रयोग करना चाहिए'कार्यक्रम में कृषि समन्वयक उदय शंकर सिंह ,सुनील कुमार द्विवेदी ,अनिरुद्ध कुमार सिंह ,हरिशंकर सिंह ,किसान सलाहकार अजय कुमार सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे'

## अवैध हथियार के साथ वीडियो वायरल करना युवकों को पड़ा महंगा पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

पानापुर(सारण) थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव के तीन युवकों द्वारा अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन करने का वीडियो वायरल करना महंगा पड़ गया .पुलिस ने वीडियो में दिख रहे एक युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया .गिरफ्तार युवक मुन्ना सिंह का पुत्र विकास सिंह बताया जाता है .मालूम हो कि गत 24 अप्रैल को अवैध हथियार के साथ एक वीडियो वायरल हुआ था . स्थानीय पुलिस ने जब वायरल वीडियो की पड़ताल की तो पता चला कि वीडियो में दिख रहे युवक बसतपुर गांव निवासी रंजन पांडेय का पुत्र पुष्कर पांडेय ,मुन्ना सिंह का पुत्र विकास सिंह एवं मिथिलेश पांडेय का पुत्र शिवम पांडेय बताया जाते हैं . वायरल वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान होते ही एएसआई उपेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्थानीय थाने की पुलिस उनको घरों पर दबिश दी थी .हालांकि युवक घर पर मौजूद नही थे और पुलिस अवैध हथियार भी बरामद करने में विफल रही थी . थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी .

## जरूरतमंद अभिभावकों ने बच्चे को लिया गोद, दो दंपत्ति जोड़ों को डीएम ने सौंपे बच्चे

**फाइनल अडॉप्शन की प्रक्रिया हुई पूर्ण जिला प्रशासन का सराहनीय कदम**




प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जीवन की आपाधापी के बीच बच्चों की आकांक्षा पाले दो दंपति जोड़ों के लिए गुरुवार का दिन खुशियां देने वाला रहा. सारण जिला प्रशासन ने दो बच्चों के दत्तक ग्रहण की कारवाई पूरी की. डीएम अमन समीर ने अपने कार्यालय कक्ष में दोनों बच्चों को उनके परिजनों को अंतिम रूप से सौंप दिया. अडॉप्शन की प्रक्रिया पूरी होते ही दोनो बच्चे अपने नए माता पिता को सुपुर्द कर दिए गए, इस दौरान दंपति जोड़ों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने भावविह्वल होकर जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया। जिन बच्चों को दत्तक ग्रहण कराया गया उनमें पायल उम्र 2 वर्ष तथा शिवांश उम्र 7 महीना शामिल रहे. पायल को जहां बंगलोर के निवासी दंपत्ति ने गोद लिया वहीं शिवांश को तमिलनाडु चेन्नई के दंपत्ति ने गोद लिया. इन्होंने 2015 में बच्चा गोद लेने के लिए उअफअ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया था. इनका नबर आने और सारी प्रक्रिया से गुजरने के बाद इन्हें चिन्हित बच्चों का प्री अडॉप्शन कराया गया था. गुरुवार को फाइनल अडॉप्शन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई, रवि प्रकाश, बाल संरक्षण पदाधिकारी (सीपीओ) पंकज प्रसाद, समन्वयक कहकशां रशीद, दीपांशु राज आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सारण के माध्यम से बच्चों के दत्तक ग्रहण की कारवाई की जाती है. संस्थान में अनाथ बच्चों को पूरी सुरक्षा और सुविधाओं के बीच रख कर उनका भरपूर पालन पोषण किया जाता है. सारण जिला में 2015 से अब तक कुल 95 बच्चों को गोद दिया जा चुका है।

## दुर्घटना ग्रस्त जवान का इलाज के क्रम मे हुई मौत,गांव मे पसरा मातमी सन्नाटा

प्रात :किरण संवाददाता



बनियापुर । बनियापुर के बारोपुर गाव मे ए एम सी मेडिकल कोर, सेना के जवान को पिकअप ने बाईक को जोरदार धक्का मार दिया जिस दुर्घटना के बाद इलाज के क्रम मे हुई मौत के बाद स्वजनों सहित गाव मे मातमी सन्नाटा छा गया है,वही परिजनों का रो रो बुरा हाल है ।वही घटना मे जख्मी पत्नी इलाज जारी है। घटना के संबंध मे बताया है कि बरोपुर गाव मे छुट्टी पर आए गाया जिला मे पोस्टेड ए एम सी मेडिकल कोर सेना जवान शिवकुमार सिंह का 40 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह अपने पत्नी के साथ बाइक से इसुआपुर से छपरा से जाने के क्रम मे पिपराहिया बजार के समीप एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक को जोरदार टककर मार दिया जिससे पति पत्नी को इलाज के लिए सदर अस्पताल के बाद पटना के रूबन हास्पिटल मे ले जाया गया जहा इलाज के क्रम मे उनकी मौत हो गयी ,घटना से परिजनों सहित गाव मे कोहराम मच गया है ।वही पत्नी अभिलाषा सिंह गंभीर रुप से जख्मी है,माता कृष्णा देवी पिता शिवकुमार सिंह पुत्र प्रत्यक्ष,चुलबुल सहित पुरा परिवार का रो रोकर बुरा हाल है ।वही घटना मे विभागीय पदाधिकारियो की भी पहुंचने की सूचना है।

## मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू व पूर्व विधायक धूमल सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिल कर लोकसभा में पार्टी की जीत के लिए बधाई दिया साथ ही साथ कुशल क्षेम जाना जिला में चल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी मुख्यमंत्री को दिया माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्देश देते हुए कहा की संगठन को मजबूती को लेकर बूथ, पंचायत ,प्रखण्ड ,जिला स्तर पर पार्टी के समर्पित कार्यक्रता साथियों के साथ बैठक कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दे और चल रहे सभी योजनाओं पर कार्यक्रता निगरानी रखे ।

## अरूंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए की अनुमति लोकतंत्र को कुचलने का एक और उदारहण

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह ।भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा अरुंधति रॉय और शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति देना, लोकतंत्र और मतभिन्नता को कुचलने का एक और उदाहरण है. यह फासीवाद के भारतीय ब्रांड का अवश्यंभावी लक्षण है. माले नेता और किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा कि उपराज्यपाल, मेधा पाटेकर के खिलाफ फर्जी मानहानि के उस मुकदमे के भी पीछे हैं, जिसमें उन पर दोष सिद्ध हो गया है और सजा वक्त की बात भर है. भाकपा-माले ऐसे दमनकारी कानूनों के खात्मे तथा सभी राजनीतिक बंदियों की रिहाई के लिए संघर्ष जारी रखेगी. उन्होंने कहा ने कहा कि इसी घटना के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध का आह्वान पर आज देश व्यापी कार्यक्रम किया गया है तथा इस प्रतिवाद कार्यक्रम के माध्यम से भाकपा-माले लोकतंत्र पसंद सभी नागरिकों से दिल्ली के उपराज्यपाल के इस अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ मजबूती से उठ खड़े होने की अपील करती है. इंकलाबी नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला एन डी ए की मोदी सरकार का बड़ा हमला है। इस तरह के वर्षों पुराने मामले को सामने लाकर मोदी सरकार अपने राजनीतिक मतभिन्नता रखने वाले को जेल में डालकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर बड़ा हमला कर रही है। देश की लोकतांत्रिक जनमत मोदी सरकार के ऐसे कुत्सित प्रयासों का ड़टकर विरोध करेगी। कार्यक्रम में माले नेताओं जवाहर प्रसाद, संजय राम, सुरेन्द्र चौधरी, संजय मुखिया, लालजी यादव,हरे राम यादव, जुलकर नैन, दिनेश पटेल, ठाकुर साह, रामबाबू महतो,नंद किशोर महतो, रामेश्वर मांझी, प्रसन्न राम, ठाकुर पटेल, रिखी साह, राजेन्द्र पाल, अशोक यादव आदि मौजूद थे।

## अष्टयाम के साथ हुई यज्ञ की शुरूआत



प्रात :किरण संवाददाता

इसुआपुर ।प्रखंड के केरवां गांव स्थित राम जानकी मंदिर पंडाल परिसर में गुरुवार को अखंड अष्टयाम के साथ सात दिवसीय राम जानकी समारोह यज्ञ की शुरूआत हुई। अष्टयाम के पूर्व हुई जलभरी जुलूस में शामिल हजारों की संख्या में महिलाएं, कन्याएं व पुरूष श्रद्धालुओं ने केरवां मठिया शिव मंदिर स्थित कुंआ से जलभरी की। वहीं बैंड बाजे, हाथी घोड़े के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय श्रीराम, हर हर महादेव ,जय बजरंगबली के गगन भेदी जय घोष के साथ महावीरी पताखा लिए श्रद्धालु पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। जहां विद्वान पंडितों कमलाकांत उपाध्याय, ओम प्रकाश उपाध्याय, अरविंद उपाध्याय के वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञ की शुरूआत हुई। मुख्य यजमान के रूप में जयप्रकाश सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी रंजू देवी थे। रामजी व्यास ह्यसमदर्शीह्ल के संचालन में डॉक्टर सिकंदर प्रसाद यादव, मुखिया प्रतिनिधि दीनदयाल राय, जय किशोर सिंह, अशोक उपाध्याय, शुभ नारायण सिंह,शिक्षक विपिन प्रसाद, मनोज मास्टर, अर्जुन शर्मा, गोरख राय, शिवकुमार शर्मा व अन्य थे।

## पुलिस की कार्रवाई में 8 अभियुक्त गिरफ्तार, 50 लीटर देशी शराब, 84 नग तार, 01 मोटरसाईकिल बरामद

**बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 88,000 रुपए का लगाया जुमार्ना**

- 1283 लीटर अंग्रेजी शराब,01 कार तथा 03 मोबाईल जब्त
- बगहा पुलिस जिला में अपराध नियंत्रण,विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच की गई

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा ।बगहा पुलिस जिला में बुधवार को विगत 24 घंटा में 08 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है,कुल-11 वारंट का निष्पादन किया गया है ।जिसमें जमानतीय 05,अजमानतीय 06 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया। उन्होंने बताया कि लौकरिया थाना, वाल्मीकिनगर थाना, भैरोगंज थाना,रामनगर थाना,महिला थाना द्वारा शराब के कांड एवं अन्य काण्ड में 08 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 300 एमएल अग्रेंजी शराब,50 लीटर देशी शराब,84 नग तार और 01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया हैं ।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा - 23,000,धनहाँ थाना द्वारा-19,000, रामनगर थाना द्वारा-15,000, पटखौली थाना द्वारा-11,000, बगहा थाना द्वारा-8,000, चौतरवा थाना द्वारा-12,000 इस प्रकार कुल-88,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। एसपी के निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए बगहा पुलिस का निरंतर अभियान जारी है,बुधवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान किया गया तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच किया गया ।गुरुवार को एसपी,बगहा सुशांत कुमार सरोज के निर्देशानुसार बगहा पुलिस जिला के विभिन्न थाना अंतर्गत अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण हेतु बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच की गई ।

## नीट 2024 में हुए धांधली को लेकर आइसा ने देश भर में किया प्रतिरोध

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा सदर। 20 जून 2024 को आइसा के छपरा जिला इकाई ने 19- 20जून के दो दिवसीय देशव्यापी आह्वान पर छपरा के म्युनिसिपल चौक पर विरोध मार्च कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया एवम नीट 2024 में हुए धांधली की उच्च स्तरीय जांच कर पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग की। आंदोलित आइसा नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि लगातार परीक्षा में हो रही धांधली छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ है, और अफसोस की इसके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा । लगातार पेपर लीक जैसी समस्या आम हो गई है, बेरोजगार युवा जो की किसी एग्जाम के लिए वर्षो तैयारी करते है, ये धांधलियां उनके सपनों पर मिनटों में पानी फेर देता हैं। आज देशभर में नीट की परीक्षा को रद्द करने के लिए मांग की जा रही है अभी नेट यूजीसी का एग्जाम हुआ जिसमे भी पेपर लीक समस्या एवं परीक्षा में धांधली सामने आई ।एन टी ए जो नेट से लेकर नीट तक की परीक्षाओं का आयोजन करती है अपनी विश्वशनीयता को खो चुकी है और आगे परीक्षाओं को साफ सुथरे तरीके से लेने में पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। आइसा जिला सचिव दीपांकर मिश्रा ने कहा कि देश के इतने बड़े परीक्षाओं में धांधली होना काफी शर्मनाक है, हम चाहते है किएन टी ए को पूरी तरीके से निरस्त किया जाए और मामले की उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि छात्र युवा के जीवन के साथ खिलवाड़ बंद हो सके और ऐसे एग्जाम्स को वैसे एजेंसीज को सौंपना चाहिए जो पूरी तरीके से पारदर्शी हो एवं साफ सुथरे तरीके से परीक्षा का आयोजन करें तभी योग्य विद्यार्थियों को उचित स्थान मिल पाएगा। बात को आगे बढ़ाते हुए आइसा जिला अध्यक्ष कुणाल कौशिक ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी अपने चरम सीमा पर है ऐसे में अगर कोई परीक्षा होती भी है तो उसमें उसमें हुई धांधलियां, उभर कर सामने आती है आज भारत के बेरोजगार युवा डिप्रेशन का शिकार होते जा रहे हैं एवं युवाओं में आत्महत्या की दरें भी बढ़ी है ।मध्यमवर्गीय किसान मजदूर के बच्चे जो की सम्मान पूर्वक जीवन जीने के किसी एग्जाम की तैयारी करते है ये धांधलियां उनके भविष्य के लिए धब्बा है । शिक्षा मंत्री अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से नहीं कर पाए एवं मौजूदा सरकार भी इन घटनाओं के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। छात्र युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ भारत के विकास के मार्ग में बहुत बड़ा अवरोध है हम यह मांग करते हैं कि परीक्षा को रद्द किया जाए एवं उच्च स्तरीय जांच हो। मौके पर आइसा नेता , नीरज कुमार, विशाल पासवान, विकाश कुमार, सोनू कुमार, बिट्टू कुमार, रमेश शाह व अन्य मौजूद थे।

## स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त करायी जायेगी डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा : उप विकास आयुक्त

प्रात :किरण संवाददाता



मोतिहारी। परीक्षा नियंत्रक, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2024 को स्वच्छ निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त समीर सौरभ के द्वारा संयुक्त ब्रिफिंग में कहा गया कि बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना के द्वारा आयोजित होने वाली डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2024 को स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न

करायी जायेगी। यह परीक्षा जिला में कुल 13 परीक्षा केंद्रों पर दिनांक 22.06.2024, शनिवार एवं 23.06.2024 रविवार को संपन्न कराई जाएगी। दोनों दिन परीक्षा एक पाली में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:15 बजे अपराह्न तक संपन्न कराई जाएगी। 22 जून को 3050 अभ्यर्थी तथा 23 जून को 5900 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को सुबह 8:00 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति रहेगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले अर्थात 10:45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी को परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू करने का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक दण्डाधिकारी, वरीय दण्डाधिकारी, केंद्र प्रेक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो स्वच्छ वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करायेंगे तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास भीड़ न लगे, इसे सुनिश्चित करायेगें। इसके अतिरिक्त गश्ती दल दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो विधि व्यवस्था सहित शहरी क्षेत्र में फोटो स्टेट की दुकान पर विशेष नजर रखेंगे तथा परीक्षा केन्द्र के निकट के फोटो स्टेट के दुकानों को बंद करा देगें। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी 7:00 बजे पूर्वा. तक अपनी प्रतिनियुक्ति स्थान ग्रहण कर लेंगे। परीक्षा केन्द के भीतर परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रहेगा तथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की तलाशी निश्चित रूप से करा ली जाय। कोई भी परीक्षार्थी किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर, आदि लेकर नहीं जायेगा। परीक्षार्थी फुल शर्ट एवं जूता पहनकर केंद्र में प्रवेश नहीं करेंगे। हाफ शर्ट और चप्पल पहन कर परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पर जाएंगे। परीक्षा में कदाचार करने या उसे प्रोत्साहित करने एवं आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर जैमर लगाने का आदेश निर्गत है। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जाएगी। सभी केन्द्राधिक्षकों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा कक्ष में बैठने सम्बधी सीट प्लान की एक प्रति मुख्य प्रवेश द्वार पर तथा एक प्रति सूचना पट पर लगाना सुनिश्चित करेगें। डीडीसी ने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर पुलिस बल की यह जबावदेही रहेगी कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र प्रभावित नहीं हो। परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, वीक्षक के पास मोबाईल फोन नहीं रहेगा। उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी भी मोबाईल लेकर परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश नहीं करेंगे। परीक्षा पर्षद से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में मीडिया कर्मियों के परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश पर रोक लगायी गयी है। परीक्षा के दिन 07:00 बजे पूर्वा० से परीक्षा समाप्ति तक 06252- 242418 पर जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा जिसका वरीय प्रभारी डीपीओ, आईसीडीएस को बनाया गया है।

## मनरेगा ने पकड़ी रफ्तार मजदूरों को मिल रहा रोजगार



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।पश्चिमी चंपारण जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीणों के जीवन में मुस्कान बिखेर रही है ।जिले के ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत तेजी से कार्य हो रहे हैं। इससे मजदूरों को गांव में ही काम मिल रहा है ।दूसरे राज्यों से लौट कर आए कामगार अपने गांव में ही योजना के तहत जाब कार्ड बनवाकर पईन सफाई,नाला सफाई आदि की खुदाई में जुटे हुए हैं ।पश्चिमी चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड के दक्षिणी घोघा पँचायत में मनरेगा योजना से हो रहे सरेही पईन सफाई कार्य मे लगे मजदूर नगीना साह, नंदकिशोर ठाकुर,चुन्नू राउत,अमर साह सहित दर्जनों मजदूरों ने बताया कि मनरेगा योजना से अब गांव में ही रोजगार मिल जा रहा है ।गाँव मे रोजगार मिल जाने से अब अपने परिवार के पास ही रहने का मौका मिल जा रहा है ।वही कार्यस्थल पर मौजूद पीआरएस अनिल कुमार ने बताया कि पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित बिभिन्न योजनाओं जैसे पईन सफाई,सरेही पईन सफाई आदि योजनाओं में करीब दो सौ मजदूरों को रोजगार दिया गया है ।वही चनपटिया प्रखंड के मनरेगा पीओ देवकांत कुमार ने बताया कि प्रखंड के सभी पँचायत में मनरेगा से जॉबकार्डधारी मजदूरों को रोजगार दिया जा रहा है ।मेरी कोशिश है कि शतप्रतिशत जॉबकार्डधारी मजदूरों को रोजगार मिलें ।इनके लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है।



## काम्या पंजाबी ने इश्क जबरिया में अपने किरदार के बारे में किया खुलासा

**काम्या पंजाबी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा है। इन दिनों वह सीरियल इश्क जबरिया में मोहिनी के किरदार में नजर आ रही हैं। उन्होंने शो के यूनिक कॉन्सेप्ट के बारे में खुलकर बात की और अपने किरदार के बारे में खुलासा किया।**

इश्क जबरिया सामाजिक मुद्दे पकड़वा विवाह पर आधारित है। शो के कॉन्सेप्ट के बारे में बात करते हुए काम्या ने कहा कि मैं नए शो पर काम करने को लेकर एक्साइटेड हूं, जो हमारे देश में मौजूद एक सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इश्क जबरिया के साथ, हम कोई बदलाव करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इस समस्या को मनोरंजक तरीके से दिखा रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं टीम के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं, और दोनों लीड एक्टर्स सिद्धि शर्मा और लक्ष्य खुराना अद्भुत कलाकार हैं, और वे शानदार काम कर रहे हैं। काम्या ने अपने किरदार मोहिनी के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इसमें कई उतार-चढ़ाव होंगे। मेरे किरदार के कई रूप हैं। मैं अपनी इस भूमिका को पिछले किरदारों से अलग बनाने और स्क्रीन पर कुछ नया लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। इश्क जबरिया प्यार, मजबूती और सामाजिक बाधाओं के खिलाफ दिल को छू लेने वाली कहानी है। इसकी शूटिंग बिहार के बेगूसराय में हो रही है। यह गुलकी (सिद्धि शर्मा) की कहानी है, जो एयर होस्टेस बनना चाहती है, लेकिन उसकी सौतेली मां उसके सपनों के बीच रूकावट पैदा करती है। शो में काम्या पंजाबी, सिद्धि शर्मा और लक्ष्य खुराना लीड रोल में हैं। इश्क जबरिया सन नियो पर प्रसारित होता है।काम्या ने अपने करियर में नेगेटिव किरदार ज्यादा निभाए हैं। वह रेत, अस्तित्व-एक प्रेम कहानी और बनूं मैं तेरी दुल्हन में वैंप को रोल किया। वह अंबर धारा, पिया का घर, डोली अरमानों की, मर्यादा-लेकिन कब तक, शक्ति जैसे सीरियल्स में भी नजर आई।

उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों कहो ना प्यार है, ना तुम जानो ना हम, यादें और फिर भी दिल है हिंदुस्तानी जैसे फिल्मों में भी काम किया। उन्होंने कई बड़े ब्रांड्स के लिए ऐड भी किए।



## मलाइका ने आलोचकों को दिया जवाब, बोलीं मैं जो भी हूं यही हूं

मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की बोल्ड और बेबाक अभिनेत्री हैं। मलाइका अरोड़ा कोई भी बात को बेलौस कहना जानती हैं और वे अपनी जिंदगी से जुड़े फैसले डंके की चोट पर लेती हैं।

वहीं मलाइका अरोड़ा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी कुछ सुंदर तस्वीरों को अपने फैंस के संग साझा किया है। अपनी फोटो को साझा करते हुए मलाइका अरोड़ा ने लिखा है, 'मैं पूरी जिंदगी आलोचनाओं को झेलती आई हूं। मलाइका आगे लिखती हैं, 'मैं आलोचनाओं से परेशान नहीं होती हूं, मैंने सब सह-सह कर अपना करियर बनाया है और मैं जो भी यही हूं मलाइका अरोड़ा की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## किरदार के लिए समझौता नहीं किया जा सकता

शैतान, हंटर, गन्स एंड गुलाब्स, दहाड़ और अन्य में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर एक्टर गुलशन देवैया ने कला की दुनिया में नैतिकता पर अपनी राय शेयर की। गुलशन ने कई शानदार फिल्मों में ग्रे शेड वाले किरदार निभाए हैं। दिबाकर बनर्जी की घोस्ट स्टोरीज में नरभक्षी की भूमिका से लेकर 4 कट आत्माराम नामक कसाई कॉन्ट्रैक्ट किलर की भूमिका तक, एक्टर ने सभी किरदार बखूबी निभाए हैं। एक्टर के अपने कुछ नैतिक मूल्य हैं जिनके बारे में उन्होंने कहा कि किसी भी किरदार के लिए उनसे समझौता नहीं किया जा सकता। गुलशन ने बताया कि नैतिकता का विषय बहुत व्यक्तिपरक है। कला की दुनिया में नैतिकता का पता लगाना और उसके बारे में बात करना एक मुश्किल काम है। मैं इस पर अपना निश्चित और बहुत स्पष्ट दृष्टिकोण रख सकता हूं, क्योंकि मैंने इस बारे में सोचा है। मेरे पास नैतिकता का अपना सेट है जो कभी-कभी किसी विशेष चरित्र के रास्ते में आ सकता है। उन्होंने आगे बताया कि मैं शायद उन भूमिकाओं को न अपनाऊं जो मेरी नैतिकता से टकराती हैं और मैं खुद को गुलशन के रूप में उस भूमिका में पेश नहीं कर पाऊंगा। अगर मैं उसके लिए तैयार नहीं हूं तो उसमें प्रामाणिकता और दृढ़ विश्वास की कमी नजर आएगी।





## बचपन के सपने को जी रहे हैं रोहित शेट्टी!

रोहित शेट्टी इन दिनों अपने शो खतरों के खिलाड़ी 14 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। झरोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी कुछ फोटो को अपने फैंस के संग साझा किया है। रोहित शेट्टी ने तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा है, मैं अपने शो खतरों के खिलाड़ी में एकदम रियल स्टंट करवाता हूं और मेरे शो की यही खासियत है। रोहित शेट्टी आगे लिखते हैं, जब मैं छोटा था तब स्टंट मैन बनना चाहता था और खतरों के खिलाड़ी के शो में मैं अपने उस सपने को जी रहा हूं। रोहित शेट्टी एक तस्वीर में ट्रक के ऊपर खड़े नजर आ रहे हैं जिसमें आग लगा हुआ है। रोहित शेट्टी के इस पोस्ट पर अभिनेत्री जैकलीन ने कमेंट करते हुए कई इमोजी पोस्ट किए हैं, सोशल मीडिया पर उनका यह पोस्ट काफी वायरल हो रहा है।

## इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म को क्यों कहा हां पश्मीना ने किया खुलासा



सुपरस्टार ऋतिक रोशन की कजिन पश्मीना रोशन अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने इस फिल्म को साइन किया। इस फिल्म को डायरेक्ट निपुण धर्माधिकारी ने किया है। पश्मीना ने बताया कि किस वजह से उन्होंने इस फिल्म को हां कहा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, ऐसी आइकोनिक फ्रेंचाइजी के साथ काम करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। यह एक रोमांटिक फिल्म है और मेरी पसंदीदा शैली रोमांस और रोमांटिक कॉमेडी है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारी जनरेशन के यूथ लव को दिखाता है। इसलिए इस प्रोजेक्ट को करना, कुछ ऐसा है जिससे हम सभी बहुत ज्यादा कनेक्ट होते हैं। भले ही ऐसी चीजें हमारे लाइफ में न हुई हो, जिनसे हमारा कैरेक्टर गुजरा है। लेकिन यह थीम जुड़ाव महसूस कराता है। इसे एक बेहतरीन शुरुआत बताते हुए पश्मीना ने कहा, जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ीं, म्यूजिक आया, हमारे साथ बहुत अच्छा ट्रीट किया गया, हमारा बहुत ख्याल रखा गया... यह मेरा डेब्यू है और मुझे लगता है कि यह एकदम सही है... मेरे लिए सब कुछ सही रहा। पश्मीना ने कहा कि उन्हें कोई...मिल गया के सेट पर सिनेमा के प्रति लगाव अधिक बढ़ा। पश्मीना ने कहा कि मैं और मेरी बहन सुरनिका सेट पर जाते थे, और यह हमारे लिए धरती पर सबसे खुशनुमा जगह हुआ करती थी। हमें ऐसा लगता था कि हमें अब कभी घर वापस जाने के लिए न बोला जाए। यहीं से मैंने सीखा कि मुझे सेट पर रहना अच्छा लगता है। मैंने स्कूल में थिएटर किया था। मेरी एक बहुत अच्छी टीचर मिसेज अमला थीं, जो काम के प्रति इतनी पैशनेट थी कि उन्होंने हममें भी वह पैशन भर दिया। मुझे लगता है कि उस क्लास का हर कोई क्रिएटिव फील्ड में चला गया है, और इसका काफी श्रेय उन्हें जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन दो उदाहरणों से मुझे पता चला कि परफॉर्मिंग आर्ट्स में होना कैसा होता है। मुझे हमेशा लगता था कि मैं किसी और चीज से ज्यादा एक कलाकार हूं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा खुशी देती है।पश्मीना ने आगे बताया कि उन्हें अपने बड़े भाई ऋतिक से क्या सलाह मिली है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब मैं यह तय कर रही थी कि मुझे मार्केटिंग में अपना करियर बनाना चाहिए या नहीं। मैं खुद को लेकर कंफ्यूज थी कि मैं इस फील्ड में रहने के लिए अच्छी हूं या नहीं। उस वक्त, न केवल ऋतिक, बल्कि मेरे परिवार के सभी लोगों ने मुझे सलाह दी कि अगर आप हर दिन अपना मन किसी काम में लगाते हैं और वह काम करते रहते हैं तो आप जो चाहें हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी बात है जिसे मैं सिर्फ फिल्मों के लिए ही नहीं, बल्कि जो कुछ भी काम मैं करती हूं, उसके लिए अपनाती हूं। अगर मैं कुछ करना चाहती हूं, तो मैं उसे पूरी लगन से करने की कोशिश करती हूं। मैं अपने गोल तक चलकर या दौड़कर जाऊंगी, अगर मैं दौड़ नहीं सकती, तो मैं रेंगकर जाऊंगी। यही सलाह मुझे दी गई और यही मैंने उन्हें करते देखा है।

## द टुनाइट शो विद जिमी फॉलन में आना सपने के सच होने जैसा

**पंजाबी सिंगर व एक्टर दिलजीत दोसांझ अमेरिका के पॉपुलर टॉक शो द टुनाइट शो विद जिमी फॉलन में नजर आने वाले हैं। उन्होंने इस एक्सपीरियंस को दुनिया भर के सभी पंजाबी म्यूजिक लवर्स के लिए सपने के सच होने जैसा बताया।**

दिलजीत इस आइकोनिक लेट-नाइट शो में परफॉर्म करने वाले पहले इंडियन आर्टिस्ट हैं। दिलजीत ने कहा, द टुनाइट शो में इनवाइट किया जाना सम्मान की बात है। मैं अपने म्यूजिक और पंजाबी कल्चर को ग्लोबल ऑडियंस के साथ शेयर करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक्टर ने कहा- यह न केवल मेरे लिए, बल्कि दुनिया भर के सभी पंजाबी म्यूजिक लवर्स के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। इससे पहले जिमी फॉलन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर द टुनाइट शो विद जिमी फॉलन की बिहाइंड द सीन रील शेयर की, जिसमें दिलजीत बतौर गेस्ट नजर आए। वीडियो में दोनों मस्ती करते नजर आ रहे हैं। दिलजीत जिमी को पंजाबी सिखाते हैं।

दिलजीत मूंछों पर ताव देकर बोलते हैं, पंजाबी आ गए ओए... जिमी भी इसको रिपीट करते हैं। फिर दिलजीत उन्हें सत श्री अकाल बोलना सिखाते हैं, जिसे वह सही तरीके से दोहराते हैं। इस पर दिलजीत के मुंह से वाह निकलता है। इस रील को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में भी सत श्री अकाल लिखा। रील पर कमेंट करते हुए एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने लिखा, मेरे लिए ये ओए ही था। वहीं पुरस्कार विजेता निर्माता गुनीत मोंगा ने कमेंट में लिखा, पंजाबी। फॉलन ने एक और वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों को ग्लव्स बदलते हुए देखा गया। बैकग्राउंड में दिलजीत का ट्रैक बॉर्न टू शाइन प्ले हो रहा है। दिलजीत ने शो की शुरुआत में बॉर्न टू शाइन समेत कई चार्ट-टॉपिंग हिट गाने गाए। दिलजीत जल्द ही जट्ट एंड जूलियट 3 में दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ नीरू बाजवा नजर आएंगी। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।




## क्या इन फिल्मों से छूटेगा अक्षय कुमार का फ्लॉप से पीछा



अक्षय कुमार की पिछली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल देखने को मिला था। टिकट खिड़की पर आलम यह था कि जैसे-जैसे दिन गुजर रहे थे, वैसे-वैसे फिल्म दर्शकों के लिए तरसती जा रही थी। इससे पहले उनकी मिशन रानीगंज भी फ्लॉप हुई थी। राम सेतु का भी यही हाल हुआ था और सेल्फी तो बहुत बुरी तरह से धड़ाम हुई थी। इस साल अक्षय कुमार की आने वाले फिल्मों में सरफिरा, खेल खेल में, वेलकम टू द जंगल और स्काई फोर्स शामिल हैं। वो सिंघम अगेन में भी नजर आएंगे, लेकिन फिल्म के मुख्यत- अजय देवगन के किरदार के ही इर्द-गिर्द घूमने की संभावना ज्यादा है। अब देखना होगा कि इनमें से कौन सी ऐसी फिल्म होगी, जो अक्षय का फ्लॉप से पीछा छुड़ाएगी।

### सरफिरा




आने वाले दिनों में सबसे पहले सरफिरा रिलीज होगी। इसे 12 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। यह सूर्या अभिनीत फिल्म 'सोरारई पोटरु' का हिंदी रीमक है। इस फिल्म का निर्देशन भी सुधा कोंगरा ने किया था और हिंदी रीमेक को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया है। सरफिरा में अक्षय कुमार के साथ-साथ राधिका मदान और परेश रावल भी नजर आएंगे। इस फिल्म का मुकाबला कमल हासन की इंडियन 2 से होने वाला है।

### खेल खेल में

जुलाई का महीना खत्म होते ही अक्षय कुमार की एक और फिल्म खेल खेल में रिलीज होगी। यह 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में तापसी पन्नू, वाणी कपूर, फरदीन खान और आदित्य सील ने भी अभिनय किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म के सामने भी चुनौती कम नहीं है, क्योंकि जॉन अब्राहम की वेदा और राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 भी इसी दिन रिलीज होगी।

### स्काई फोर्स



अक्तूबर महीने में स्काई फोर्स रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन संदीप केलवानी ने किया है। यह एक एक्शन फिल्म है, जो भारतीय सेना द्वारा की गई पहली एयर स्ट्राइक पर आधारित है। इसे 2 अक्तूबर, 2024 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा वीर पहाड़िया ने भी काम किया है।

### वेलकम टू द जंगल

साल के आखिरी महीने यानी दिसंबर में वेलकम टू द जंगल रिलीज होगी। इसका निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जो वेलकम फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। वेलकम टू द जंगल एक मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, लारा दत्ता, जॉन अब्राहम, परेश रावल, रवीना टंडन और दिशा पाटनी समेत कई कलाकार नजर आएंगे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म की रिलीज की तारीख बदली जा सकती है और यह 2025 तक खिसक सकती है।






## संक्षिप्त समाचार

### अमेज़न ने एलेक्सा-कम्पैटिबल स्मार्ट होम डिवाइस पर 70 प्रतिशत तक की छूट के साथ घोषणा की 'स्मार्ट होम डेज़' की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अमेज़न ने एलेक्सा के साथ इको स्मार्ट स्पीकर, एलेक्सा स्मार्ट होम कॉम्बो और फिलिप्स, डायसन, एमआई, पैनासोनिक, क्यूबो, विप्रो, एटमबर्ग, सीपी प्लस, टीपी-लिंक और होममेट जैसे ब्रांडों के 1200 से अधिक एलेक्सा स्मार्ट होम डिवाइस पर 70 प्रतिशत तक




की छूट के साथ 'स्मार्ट होम डेज़' की घोषणा की है। ग्राहक 15 जून से 21 जून 2024 के दौरान, स्मार्ट लाइट, प्लग, पंखे, टीवी से लेकर सिक्योरिटी कैमरा, डोर लॉक, एसी, वॉटर हीटर और एयर प्यूरीफायर तक, अमेज़न डॉट इन पर कई तरह के एलेक्सा- कम्पैटिबल डिवाइस खरीदारी कर सकते हैं।

भारत में ग्राहक अपने कम्पैटिबल स्मार्ट होम एप्लायंस को नियंत्रित करने के लिए अपने रोज़मर्रा के जीवन में एलेक्सा का उपयोग तेज़ी से कर रहे हैं। अंग्रेज़ी, हिंदी या हिंग्लिश में सरल वॉयस कमांड, जैसे एलेक्सा गीज़र चला दो, एलेक्सा, 15 मिनट के बाद एसी बंद कर दो, या एलेक्सा, हॉल की लाइट डिम कर दो के ज़रिये, वे एलेक्सा के साथ काम करने वाले कई तरह के स्मार्ट होम उत्पाद का सहजता से उपयोग कर सकते हैं ताकि रोज़मर्रा के जीवन को और अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।

### अमेजन ऑफिस है या जेल, टॉयलेट जाने और पानी पीने पर पाबंदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेजन अपने कर्मचारियों को कथित तौर पर टायलेट ब्रेक भी नहीं देता। हरियाणा के मानेसर में अमेजन इंडिया के गोदाम से जुड़ी ऐसी एक न्यूज रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। आयोग ने कहा कि अगर रिपोर्ट सच है, तो यह श्रम कानूनों का उल्लंघन है।




टीओआई की खबर के मुताबिक रिपोर्ट में मजदूरों ने कहा कि उनसे यह शपथ कराई गई कि जब तक उनका काम का टार्गेट पूरा नहीं हो जाता, वे न तो टॉयलेट ब्रेक लेंगे और न ही वॉटर ब्रेक। इस केस की प्रोसिडिंग के मुताबिक, हरियाणा के मानेसर में अमेजन इंडिया के एक गोदाम में 24 वर्षीय एक मजदूर से यह प्लेज कराने को कहा गया कि जब तक वह 24 फीट लंबे 6 ट्रकों से सारे पैकेज उतार नहीं लेता, तब तक वह शौचालय नहीं जाएगा और न ही पानी का ब्रेक लेगा, जब तक कि उनकी टीम का 30 मिनट का टी ब्रेक समाप्त नहीं हो जाता।

**शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं-** इस मामले की कार्यवाही में 16 मई को एक टीवी चैनल पर आई रिपोर्ट का हवाला दिया गया, जिसमें दिखाया गया कि पिछले महीने गोदाम की इनबाउंड टीम ने 8 बार शपथ ली थी। कर्मचारियों ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गोदाम से निकलने वाले सामानों को हैंडल करने वाली आउटबाउंड टीम को रोजाना उसके टार्गेट की याद दिलाई जाती थी। मानेसर गोदाम में एक महिला कर्मचारी ने कथित तौर पर कहा कि काम करने वाली जगहों पर शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# स्विस बीमा कंपनी ज्यूरिख की इंडिया में एंट्री

## कोटक के जनरल इंश्योरेंस में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्विस बीमा कंपनी ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक से 5,560 करोड़ रुपये (670 मिलियन डॉलर) की डील पूरी हो गई है। इस डील के तहत ज्यूरिख इंश्योरेंस ने कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। बता दें नवंबर 2023 में इस डील का ऐलान किया गया था।

इस सौदे के साथ ज्यूरिख भारत में प्रवेश करने वाली पहली विदेशी बीमा कंपनी बन गई है। क्योंकि, 2021 में 49 प्रतिशत से 74 प्रतिशत तक विदेशी स्वामित्व की अनुमति देने के लिए एफडीआई नियमों में संशोधन किया गया था। मार्च 2024 तक कोटक महिंद्रा बैंक के पास बीमा सहायक कंपनी में 875 करोड़ रुपये की चुकता पूंजी की 100 प्रतिशत इक्विटी थी।

वित्त वर्ष 2024 में कोटक जनरल की मोटर इंश्योरेंस से कुल प्रीमियम आय 748 करोड़ रुपये और हेल्थ इंश्योरेंस से




620 करोड़ रुपये की इनकम हुई थी। ज्यूरिख इंश्योरेंस ग्रुप के सीईओ (एशिया-प्रशांत) तुलसी नायडू ने कहा, कोटक जनरल इंश्योरेंस का अधिग्रहण ज्यूरिख के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण ग्रोथ मार्केट में लीडिंग रोल बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। ज्यूरिख के लिए यह एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम है।

उन्होंने आगे कहा, भारत का बीमा बाजार अपार संभावनाएं प्रदान करता है और कोटक के साथ मिलकर हम इसके विकास का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।हमारे पास वैश्विक स्तर, कॉम्प्लेक्स रिस्क मैनेजमेंट बंधन में मजबूत विशेषज्ञता, डिजिटल क्षमताएं और बीमा सुरक्षा अंतर को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी नेतृत्व है। हमारा लक्ष्य भारतीय ग्राहकों के बीच फ्लैक्सिबिलिटी पैदा करना है।

### ब्याज आय पर कर राहत की वकालत

सबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज आय पर कर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी। फिलहाल, बैंकों को तब कर काटना पड़ता है जब सभी बैंक शाखाओं में जमा राशि से ब्याज आय एक वर्ष में 40,000 रुपये से अधिक हो।

बचत खातों के मामले में, 10,000 रुपये तक अर्जित ब्याज कर से मुक्त है। खारा ने कहा, अगर बजट में ब्याज आय पर कर के मामले में कुछ राहत दी जा सके तो यह जमाकर्ताओं के लिए एक प्रोत्साहन होगा। आखिरकार, बैंकिंग क्षेत्र देश में पूंजी निर्माण के लिए जुटाई गई जमा का उपयोग करता है।

# नोकिया ने एचएमडी 105 डिवाइस को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की

## शुरू किया नया कैम्पेन- 'भरोसा वही, शुरुआत नई'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचएमडी ने अपने बहुप्रतीक्षित एचएमडी 105 डिवाइस को भारत में लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी के शानदार उत्पादों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, एचएमडी 105 दरअसल एक बड़ी तकनीकी छलांग को दर्शाता है, क्योंकि इसमें लोगों को मिलती है शानदार परफॉर्मेंस, बेहद आकर्षक डिज़ाइन और ऐसी बेमिसाल खूबियां जो इसे इंडस्ट्री में सबसे आगे खड़ा

एचएमडी 105 की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए कहा, ''एचएमडी 105 और एचएमडी 110 स्टाइलिश नए डिजाइन और यूपीआई क्षमताओं के साथ भारत में लॉन्च होने वाले हमारे पहले फीचर फोन हैं। ये डिवाइस आसान और उपयोगी तकनीक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। फीचर से भरपूर एचएमडी 105 और एचएमडी 110 का




करती हैं। फ़ोन इनबिल्ट यूपीआई एप्लिकेशन के साथ आता है, जो एचएमडी फ़ोन की विश्वसनीयता को यूपीआई की सुविधा और पहुँच के साथ जोड़ता है, जिससे उपयोगकर्ता स्मार्टफ़ोन के बिना भी सुरक्षित और सहज रूप से यूपीआई भुगतान लेनदेन कर सकते हैं। एचएमडी 105 फ़ोन उद्योग की अग्रणी विशेषताओं के साथ आता है। इनमें शामिल हैं बेहतरीन मल्टीमीडिया सुविधाएं, वॉयस असिस्टेंस और इमर्सिव क्लैरिटी, बेहतर विजिबिलिटी और बड़ा डिस्प्ले। फ़ोन एक साल की रिप्लेसमेंट गारंटी के साथ भी आता है, जो इसे उपयोगकर्ताओं के लिए एक विश्वसनीय विकल्प बनाता है।

एचएमडी ग्लोबल के वाइस प्रेसिडेंट- इंडिया और एपीएसी रवि कुंवर ने

उद्देश्य डिजिटल फासले को दूर करना और हमारे फीचर फोन श्रेणी के भीतर सभी के लिए वित्तीय पहुंच को बढ़ाना है। ये फोन हमारी 'कम में ज्यादा' की फिलॉस्फी के अनुरूप हैं और इसके साथ ही हम अपनी मल्टी-ब्रांड यात्रा जारी रखते हैं।''

एचएमडी 105 की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं- यूजर्स के लिए बेहतर अनुभव- मॉडर्न डिज़ाइन और खूबसूरती से सजा यह फोन यूजर्स को बेहतर अनुभव प्रदान करता है। फोन का पिछला हिस्सा टेक्सचराइज्ड है और इसके अनूठे कर्व्स फोन को मजबूती देते हैं। ये खूबियां आपके हाथ में आरामदेह महसूस करने और चलते-फिरते आपकी जेब में आसानी से फिट होने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई हैं।

# अगर आपके पास हैं नालको-सेल के शेयर तो बेचकर निकल लीजिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पोर्टफोलियो में दो सरकारी कंपनियों नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड हैं, तो इन्हें फौरन बेचकर निकल लीजिए। इसे हम नहीं कह रहे बल्कि घरेलू ब्रोक्रेज कंपनी प्रभुदास लीलाधर ने अपने एक नोट में कहा है। ब्रोक्रेज ने नाल्को को सेल रेटिंग के साथ 141 का टार्गेट प्राइस दिया है, जो आज सुबह के प्राइस 185.40 रुपये से करीब 23 फीसद कम है। अगर प्रभुदास लीलाधर के नोट पर भरोसा करें तो यह शेयर आने वाले कुछ दिनों में करीब 44 रुपये प्रति शेयर का नुकसान करा सकता है। बता दें नाल्को एक नवर प्रतिशत कंपनी है। इसकी स्थापना 7 जनवरी, 1981 को भुवनेश्वर में की गई थी। यह कंपनी खनन, धातु और बिजली में एकीकृत और विविध प्रचालनों वाली एक श्रेणी 'ए' का सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।

# चीन अब नहीं रहा दुनिया का सबसे एमर्जिंग मार्केट बोरोअर

- **12 साल से चली आ रही बादशाहत को सऊदी अरब ने तोड़ा**
- **इस साल सऊदी अरब ने बेचे 33.2 अरब डॉलर के ईएम बॉन्ड**

**नई दिल्ली।** करीब दो दशक तक ग्लोबल इकॉनमी का इंजन रहा चीन अब कई मोर्चों पर पिछड़ने लगा है। 12 साल में पहली बार एमर्जिंग मार्केट बोरोअर के तौर पर सऊदी अरब ने उसे पछाड़ दिया है। सऊदी अरब ने इस साल 33.2 अरब डॉलर के इंटरनेशनल बॉन्ड जारी किए हैं जबकि चीन 23.3 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गया है। साउथ कोरिया 20 अरब डॉलर के साथ तीसरे और यूएई 18.5 अरब डॉलर के साथ चौथे नंबर पर है। सऊदी अरब की इकॉनमी का साइज चीन की जीडीपी के 16वें हिस्से के बराबर है। पिछले 12 साल से चीन सबसे बड़ा एमर्जिंग मार्केट बोरोअर बना हुआ था। लेकिन वहां ट्रेंड में बदलाव दिख रहा है। चीन में लोकल करेंसी बॉन्ड की खरीद में तेजी दिख रही है।

सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान के विजन 2030 प्लान को विदेशी निवेशकों ने हाथोंहाथ लिया है। यही वजह है कि देश रेकॉर्ड तेजी के साथ इंटरनेशनल बॉन्ड जारी कर रहा है। चीन 18.536 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है जबकि सऊदी अरब की इकॉनमी का साइज 1.112 ट्रिलियन डॉलर है। पहली तिमाही में सऊदी अरब की जीडीपी में 1.8 फीसदी गिरावट देखने को मिली। पिछले साल की चौथी तिमाही में भी कंपनी की जीडीपी में 3.7 प्रतिशत गिरावट आई थी। तेल उत्पादन में कटौती और कच्चे तेल की कीमत में गिरावट से देश की इकॉनमी प्रभावित हुई। सऊदी अरब दुनिया में कच्चे तेल का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है।

# खाद्य वस्तुओं पर घरेलू खर्च घटा, प्रसंस्कृत भोजन की खपत बढ़ी; एनएसएसओ के सर्वे में चौकाने वाले दावे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) ने घरेलू उपभोग व्यय पर सर्वेक्षण किया है। इसके अनुसार उपभोक्ताओं द्वारा खर्च करने के पैटर्न में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खाने-पीने पर खर्च में काफी गिरावट आई है।



**सर्वेक्षण की खास बातें-** 2022-23 में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग खर्च (एमपीसीई) में खाद्य पदार्थों का योगदान ग्रामीण क्षेत्रों में 46 प्रतिशत हो गया है। 2011-12 के दौरान यह 53 प्रतिशत था। उधर शहरी क्षेत्रों में एमपीसीई में खाद्य पदार्थों का योगदान घटकर 39 प्रतिशत हो गया है। 2011-12 के यह 43 प्रतिशत था।

इसी तरह, 2022-23 में एमपीसीई में गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है। 2011-12 के दौरान यह 47 प्रतिशत था। उधर शहरी क्षेत्रों में भी एमपीसीई में गैर-खाद्य वस्तुओं की खपत बढ़कर 61 प्रतिशत हो गई है। 2011-12 के दौरान यह 57 प्रतिशत थी।

# सऊदी अरब के किंग की सैलरी है सबसे ज्यादा

## उन्हें सालाना 9.6 अरब डॉलर सैलरी मिलती है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खाड़ी देशों ने अपने ऑयल रिजर्व के दम पर खासी प्रगति की है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में भी ये देश काफी आगे निकल चुके

- **अमेरिका के राष्ट्रपति की सैलरी 4 लाख डॉलर है**
- **चीनी राष्ट्रपति की सैलरी पाकिस्तानी पीएम से कम**

हैं। दुनिया में सालाना सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले राष्ट्राध्यक्षों की लिस्ट में टॉप तीन पर इन्हीं देशों के हेड ऑफ स्टेट हैं। दिलचस्प बात है कि दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका के राष्ट्रपति की सैलरी इन देशों के मुकाबले बहुत कम है। वहीं चीन के



राष्ट्रपति की सैलरी भारत के प्रधानमंत्री के मुकाबले काफी कम है। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और अर्जेंटीना तथा वेनेजुएला के राष्ट्रपतियों की सैलरी भी चीन के राष्ट्रपति से ज्यादा है। जानिए दुनिया के किस देश के हेड ऑफ स्टेट को मिलती है सबसे ज्यादा सैलरी दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी सऊदी अरब के किंग को मिलती है। उनकी सैलरी 9.6 अरब डॉलर है। यूएई के हेड ऑफ स्टेट दूसरे नंबर पर है। उनकी सालाना सैलरी 4.61 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर कुवैत है जहां के राष्ट्राध्यक्ष को सालाना 16.5 करोड़ डॉलर मिलते हैं। मोनाको के हेड ऑफ स्टेट की सालाना सैलरी 5.2 करोड़ डॉलर है। इसके बाद नॉर्वे (3.3 करोड़ डॉलर), स्वीडन (1.6 करोड़ डॉलर), डेनमार्क (1.1 करोड़ डॉलर), नीदरलैंड (60 लाख डॉलर) और जापान (30 लाख डॉलर) का नंबर है। यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड में हेड ऑफ स्टेट को 507 हजार डॉलर और आयरलैंड के राष्ट्राध्यक्ष को 401 हजार डॉलर मिलते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति को दुनिया में सबसे शक्तिशाली माना जाता है लेकिन उसकी सालाना सैलरी 400 हजार डॉलर है।

### मोदी की सैलरी

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया (378 हजार डॉलर), स्पेन (304 हजार डॉलर), कनाडा (290 हजार डॉलर), इटली (275 हजार डॉलर), जर्मनी (268 हजार डॉलर), साउथ कोरिया (211 हजार डॉलर), तुर्की (197 हजार डॉलर), फ्रांस (194 हजार डॉलर), चेक (149 हजार डॉलर), फिनलैंड (141 हजार डॉलर) और ब्राजील (102 हजार डॉलर) है। विश्व जनसंख्या समीक्षा के मुताबिक भारत के प्रधानमंत्री को सालाना 84 हजार डॉलर यानी करीब 70,07,931 रुपये मिलते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी 65 हजार डॉलर है जबकि चीन के राष्ट्रपति को साल में 22 हजार डॉलर की सैलरी मिलती है। इसी तरह बांग्लादेश के प्रधानमंत्री की सालाना सैलरी 17 हजार डॉलर और श्रीलंका के राष्ट्रपति की सैलरी सात हजार डॉलर है।

# ऑनलाइन गेमिंग की जीएसटी दरों में राहत के आसार, खाद से खत्म होगा टैक्स!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी काउंसिल शनिवार को होने वाली बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकती है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्सेशन का बड़ा मुद्दा शामिल है। ऑनलाइन गेमिंग पर फिलहाल 28 फीसदी जीएसटी लगता है। बताया जा रहा है कि बैठक में इसकी समीक्षा हो सकती है।

**आठ माह बाद हो रही बैठक-** जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होगी। इस परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। इस बैठक में जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह (जीओएम) की रिपोर्ट को अंतिम रूप देने पर हुई प्रगति पर भी चर्चा होने की संभावना है। जीएसटी काउंसिल की यह बैठक आठ महीने के अंतराल के बाद हो रही है। इससे




सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी।

**उर्वरकों से हट सकता है जीएसटी-** बैठक में उर्वरकों से जीएसटी हटाने का फैसला हो सकता है। इस मामले से छूट करने का प्रस्ताव दिया है। इसकी सिफारिश सरकार को भेजी गई है। अभी उर्वरकों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है। इससे जुड़े उद्योग इसे पूरी तरह हटाने

### जीएसटी दरें तर्कसंगत बनाने की वकालत

देश में बड़ी संख्या में शीर्ष प्रबंधन स्तर के अधिकारी जीएसटी के बारे में सकारात्मक धारणा रखते हैं। डेलॉयट के एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया है। इनमें से कई अधिकारियों ने जीएसटी 2.0 के तहत कर दरों को तर्कसंगत बनाने और विवाद निपटान के लिए एक प्रभावी प्रणाली की वकालत की है। ये अधिकारी विभिन्न उद्योग क्षेत्रों से जुड़े हैं। इसमें उन चीजों का उल्लेख किया गया है, जो जीएसटी के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

# पूरी दुनिया में अडानी पोर्ट का बजा डंका, चार बंदरगाह विश्व बैंक के प्रदर्शन सूचकांक में शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड का डंका दुनिया में बज रहा है। इसके द्वारा संचालित चार बंदरगाहों को कंटेनर बंदरगाह प्रदर्शन सूचकांक 2023 में न केवल जगह दी गई है, बल्कि इस कैटेगरी में यह सबसे मूल्यवान कंपनी है। अडानी पोर्ट का मार्केट कैप 38.08 अरब डॉलर है। दूसरे नंबर पर सीके हचिसन होल्डिंग्स है, जिसका मार्केट कैप 18.27



के साथ इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल सर्विस काबिज है। चौथे नंबर पर आबुधाबी पोर्ट है, जिसका मार्केट कैप 7.21 अरब डॉलर है। पांचवें नंबर पर चीन की कंपनी चाइना मर्चेंट पोर्ट है, जिसका मार्केट कैप 6.56 अरब डॉलर है। इस कैटेगरी की सबसे मूल्यवान कंपनियों में वेस्टपोर्ट 2.98 अरब डॉलर के साथ छठे स्थान पर है। पोर्ट ऑफ टॉरंगा 1.96 अरब डॉलर के साथ सातवें और 1.35 अरब डॉलर के साथ हम्बर्गर

# भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन की अचानक मौत, चौथी मंजिल से गिरे, अनिल कुंबले हैरान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** एक ओर जहां भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 में आज अफगानिस्तान के खिलाफ जंग की तैयारी कर रही है तो दूसरी ओर क्रिकेट वर्ल्ड कप झकझोर देने वाली खबर सामने आई है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की मौत हो गई है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्होंने अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। उनकी मौत की खबर से भारतीय क्रिकेटरों में शोक है। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने हैरानी जताई है। पुलिस के अनुसार, पूर्व भारतीय क्रिकेटर डेविड जॉनसन गुरुवार को अपने अपार्टमेंट के बाहर मृत पाए गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा- ऐसा माना जा रहा है कि 52 वर्षीय डेविड जूड जॉनसन कोथनूर के कनक श्री लेआउट में अपने अपार्टमेंट से गिर गए, जिससे आत्महत्या का संदेह पैदा हो गया। उन्होंने आगे कहा कि आगे की जांच जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्रिकेटर पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे।





उन्होंने बताया कि पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। क्रिकेटर ने 1996 में भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले थे। बता दें कि वह कर्नाटक की उस टीम का हिस्सा थे, जिसमें अनिल कुंबले, वेंटकेश प्रसाद, डोडा गणेश और जवागल श्रीनाथ दोनों खेलते थे। उन्होंने कुल 39 फर्स्ट क्लास मैच खेले। वह अपने घर के पास ही एक क्रिकेट अकैडमी चलाते थे। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने एक्स पर लिखा-मेरे क्रिकेट साथी डेविड जॉनसन के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। बहुत जल्दी चले गए बेनी! उल्लेखनीय है कि उन्होंने कर्नाटक के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेला। उन्होंने 1995-96 के रणजी ट्रॉफी सत्र में केरल के खिलाफ 152 रन देकर 10 विकेट लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फिरोज शाह कोटला में एकमात्र टेस्ट मैच में डेब्यू किया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 39 मैचों में 28.63 की औसत और 47.4 की स्ट्राइक रेट से 125 विकेट लिए। वह एक निचले क्रम के बल्लेबाज थे, जिनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक शतक भी था।

**जय शाह और गौतम गंभीर ने जताया शोक** - भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा- हमारे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। 33 लिस्ट ए खेलों में, उन्होंने 41 विकेट लिए। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का उनका आखिरी मैच 2015 में कर्नाटक प्रीमियर लीग में था। गौतम गंभीर ने लिखा, %डेविड जॉनसन के निधन से दुखी हूं। भगवान उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति दे।

**157.8 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गेंद फेंककर हैरान कर दिया था** - 16 अक्टूबर 1971 को जन्मे डेविड जॉनसन ने 1990 के दशक के मध्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जॉनसन ने अक्टूबर 1996 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। जॉनसन के करियर का सबसे शानदार पल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान 157.8 किमी/घंटा की गति से गेंदबाजी करना था। उनका आखिरी टेस्ट मैच 1996 में डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था। उन्होंने भारत के लिए वनडे मैच नहीं खेले।

## संक्षिप्त समाचार

### हंगरी को हराकर जर्मनी ने यूरो कप के नॉकआउट चरण में किया प्रवेश



**लीपजिग(एजेंसी)।** जर्मनी ने जमाल मुसियाला के शानदार गोल की बदौलत यूरो कप के ग्रुप ए के मुकाबले हंगरी को 2-0 से हराकर नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया है। बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में अपने घरेलू मैदान में खेल रहे मुसियाला ने पहले हाफ के 22वें मिनट में गोल दाग कर जर्मनी को बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ में जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने 67वें मिनट में एक आसान गोल कर बढ़त को दो गुना कर दिया। यूरो कप के दो मुकाबले बराबरी पर समाप्त हुए। क्रोएशिया और अल्बानिया के बीच खेला गया मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा। वहीं स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के बीच खेला गया मुकाबला भी 1-1 से ड्रॉ रहा।

### आज टी-20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण से होगा इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना



**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया। अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0 . 90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश लगभग तय हो जाएगा।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिए 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। साल्ट एक बार फिर कप्तान जोस बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरूआत दिलाना चाहेंगे।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ ग्रुप चरण में मिली हार में 42 रन बनाने वाले बटलर अब तक चार पारियों में 91 रन ही बना सके हैं। जॉनी बेयरस्टो ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 48 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। इससे पहले वह कुल 46 रन ही बना सके थे। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने हालांकि कगिसो रबाडा की रफ्तार और केशव महाराज की फिरकी का सामना करने की चुनौती होगी। दोनों ने अमेरिका के खिलाफ बीच के और डैथ ओवरों में संयम और अनुशासन के साथ गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई।

दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटोन डिकॉक का फॉर्म में लौटना भी शुभ संकेत है जिन्होंने अमेरिका के खिलाफ 40 गेंद में 74 रन बनाए। इंग्लैंड ने सुपर आठ चरण का पहला मैच यहीं खेला था जिसका उसे फायदा मिलेगा। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 200 रन के भीतर रोक दिया। आदिल रशीद ने 5.25 की इकॉनॉमी रेट से गेंदबाजी की जबकि जोफ्रा आर्चर ने 12 डॉट गेंदें डाली।

# भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

### ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने पर निगाहें



**अंताल्या (तुर्की) (एजेंसी)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जाएगी।

नए नियम के अनुसार रैंकिंग से उन दो शीर्ष देशों को ओलंपिक कोटा दिया जाता है जो ओलंपिक क्वालीफायर के जरिए कोटा हासिल नहीं कर सके। इस विश्व कप से पहले अंताल्या में फाइनल ओलंपिक क्वालीफायर कराया गया था। भारत ने धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की बदौलत क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। क्वालीफाई नहीं करने वाले देशों में भारत को शीर्ष दो रैंकिंग में बने रहने के लिए टीम स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी ताकि वे कट हासिल कर सकें।

टीम कोटे से भारत अगले महीने पेरिस ओलंपिक में सभी पांच स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पधा) में हिस्सा लेने में सफल रहेगा। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे नंबर पर है। दक्षिण कोरिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय महिला टीम रैंकिंग में आठवें नंबर पर है जबकि शीर्ष सात देश दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका और चीनी ताइपे पहले ही क्वालीफायर से ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

विश्व कप का तीसरा चरण रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई करने के लिए अंतिम मौका था। भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने यूक्रेन को 5-3 (53-52, 53-54, 57-54, 53-53) से हराया और अपना स्थान पक्का करने के लिए उन्हें एक और जीत की दरकार थी। पर सेमीफाइनल में उन्हें ओलंपिक के मेजबान देश फ्रांस से शूटऑफ में 4-5 (52-59, 56-57, 58-55, 57-53) (25-28) से पराजय मिली। कांस्य पदक के प्लेऑफ में भारतीय तिकड़ी जापान से सीधे सेट में 0-6 (51-55, 53-54, 53-54) से हार गयी। धीरज, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव की पुरुष तिकड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से 1-5 (58-58, 53-54, 57-58) से पराजित हुई।

# न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता, एसए-20 भी दिलचस्प : केन विलियमसन



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** केन विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस टी20 लीग से इतर वह न्यूजीलैंड के लिये तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जायेगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है।

न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य है। विलियमसन ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौटने पर मीडिया से कहा, 'मैं जब तक खेल सकता हूं, खेलना चाहता हूं। उस दौरान कई बेहतरीन टूर्नामेंट है लेकिन एसए 20 दिलचस्प लग रहा है। इसके लिए मुझे केंद्रीय अनुबंध ठुकराना होगा।

विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है लेकिन यह कहा कि अभी उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, 'मेरी प्राथमिकता न्यूजीलैंड के लिए खेलना है। तीन सप्ताह के दौरान मैं कुछ मैचों से बाहर रह सकता हूं। इसके मायने हैं कि वह जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी20 श्रृंखला नहीं खेलेंगे। वह हालांकि सितंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

इसके साथ ही भारत और श्रीलंका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'मैने न्यूजीलैंड की कप्तानी का पूरा मजा लिया है। मैं काफी उत्सुक हूं कि आने वाले समय में टीम नए कप्तान के साथ कैसा करती है और मैं भी उसका हिस्सा बना रहूंगा। 33 बरस के विलियमसन ने अपने करियर को लेकर कोई समय सीमा तय करने से इनकार करते हुए कहा, 'अभी कहना मुश्किल होगा। मैं फिट और फॉर्म में रहना चाहता हूं, प्रदर्शन में सुधार करते रहना चाहता हूं। जब तक मैं योगदान दे सकता हूं, इस टीम का हिस्सा बने रहना चाहूंगा।

### साल्ट ने इस खिलाड़ी को दिया धमाकेदार पारी का श्रेय, कहा- उन्होंने मुझ पर से दबाव हटा दिया

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया। साल्ट ने अपनी धमाकेदार पारी का श्रेय साथी जॉनी बेयरस्टो को दिया जिन्होंने उन पर से दबाव हटा दिया जिससे उन्हें मैदान पर खुलकर खेलने का मौका मिला।

मैच के बाद साल्ट ने कहा, एक समय ऐसा भी था जब मैंने बहुत अधिक गेंदों का सामना नहीं किया, बाउंड्री सूख गई थी, लेकिन जॉनी (बेयरस्टो) ने अपनी सोची-समझी बल्लेबाजी से मुझ पर से दबाव हटा दिया, उनकी पारी बहुत महत्वपूर्ण थी। सलामी बल्लेबाज ने बताया कि बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल था। साल्ट ने 16वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड के खिलाफ 4, 6, 4, 6, 6 और 4 रन बनाए। उन्होंने कहा, मुझे यहां बल्लेबाजी करना पसंद है, लेकिन मैं टीम की जीत में योगदान देकर अधिक खुश हूं। बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ खेलना मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि किसी समय गति आएगी, एक छोर पर हवा चल रही थी, एक छोटी बाउंड्री थी और मैंने खुद को उनका सामना करने के लिए तैयार किया (शेफर्ड के खिलाफ उनके 30 रन के ओवर में)।

वेस्टइंडीज की टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आठ मैचों की जीत का सिलसिला खत्म हो गया क्योंकि इंग्लैंड ने हर विभाग में शानदार प्रदर्शन किया। शानदार डेथ बॉलिंग के साथ वेस्टइंडीज को 180 रनों पर रोकने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने 67 रनों की ओपनिंग साझेदारी करके टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

### टी-20 वर्ल्ड कप

# फिल साल्ट की आक्रामक पारी से बने कई रिकॉर्ड्स



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को बृहस्पतिवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17 . 3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड ने इस मैच में दो-चार नहीं बल्कि चार रिकॉर्ड अपने नाम किए। आइए इस रिकॉर्ड्स पर नजर डाल लेते हैं-

#### टी20 विश्वकप में इंग्लैंड की सबसे बड़ी जीत का अंतर (विकेट के हिसाब से)

- भारत के खिलाफ 10 विकेट से, एडिलेड, 2022 एस.एफ.
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 विकेट से, दुबई, 2021
- बांग्लादेश के खिलाफ 8 विकेट से, अबू धाबी, 2021
- ओमान के खिलाफ 8 विकेट से, नॉर्थ साउंड, 2024
- वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 विकेट से, ग्रॉस आइलेट, 2024

#### टी20 में फिल साल्ट बनाम वेस्टइंडीज

इन्स- 9
रन- 478
औसत- 68.28
एसआर- 186.71
50/100- 2/2
चौके/छक्के- 34/32

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 में साल्ट ने लगभग हर चार गेंदों पर एक चौका या छक्का लगाया है।

#### इंग्लैंड के बल्लेबाज द्वारा किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सबसे अधिक छक्के (टी20आई)

32 - फिल साल्ट बनाम वेस्टइंडीज
26 - इयोन मोर्गन बनाम न्यूजीलैंड
25 - जोस बटलर बनाम ऑस्ट्रेलिया
24 - जोस बटलर बनाम दक्षिण अफ्रीका

#### इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज टी20आई में सबसे अधिक रन

478 - फिल साल्ट (9 पारी)
423 - एलेक्स हेल्स (13 पारी)
422 - क्रिस गेल (14 पारी)
420 - निकोलस पूरन (15 पारी)
390 - जोस बटलर (16 पारी)

#### टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर

116* - एलेक्स हेल्स बनाम स्रु चटगाँव, 2014
101* - जोस बटलर बनाम स्रु शारजाह, 2021
99* - ल्यूक राइट बनाम अफगानिस्ता , कोलंबो आरपीएस, 2012
87* - फिल साल्ट बनाम वेस्टइंडीज ग्रोस आइलेट, 2024
86* - एलेक्स हेल्स बनाम भारत, एडिलेड, 2022

#### टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज के लिए सबसे लंबी जीत का सिलसिला

8 - 2024 (आज यह सिलसिला खत्म हुआ)
7 - 2012-2013
5 - 2017
4 - 2015-2016

#### पुरुषों के टी20 विश्व कप में सबसे महंगा ओवर

36 - स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड) बनाम भारत, डरबन, 2007
36 - अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान) बनाम वेस्टइंडीज, ग्रोस आइलेट, 2024
33 - जेरेमी गॉर्डन (कनाडा) बनाम अमेरिका, डलास, 2024
32 - इज़ातुल्लाह दौलतजई (अफगानिस्तान) बनाम इंग्लैंड, कोलंबो (आरपीएस), 2012
30 - बिलावल भट्टी (पाकिस्तान) बनाम ऑस्ट्रेलिया, मीरपुर, 2014
30 - रोमारियो शेफर्ड (वेस्टइंडीज) बनाम इंग्लैंड, ग्रोस आइलेट, 2024

# बुमराह का मुरीद हूं, उसे अपने एक्शन में किसी बदलाव की जरूरत नहीं:एम्बरोज

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिए वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं।

एम्बरोज ने कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिए सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, 'मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।



बुमराह के गेंदबाजी एक्शन से उनकी कमर पर काफी दबाव पड़ता है लेकिन एम्बरोज का मानना है कि हर तेज गेंदबाज को इस तरह के जोखिम से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरा अनुभव यही है कि दो गेंदबाज कभी एक जैसे नहीं होते। गेंदबाजों में समानता हो सकती है लेकिन वे बिल्कुल एक से नहीं होते। सभी की शैली जुदा होती है। हर तेज गेंदबाज को चोटिल होने का खतरा रहता है और यह सभी को पता होता है।

उन्होंने कहा, 'आपको अपना काम पूरी क्षमता के साथ करना होता है। फिर जो होगा, होगा। अगर उसे कोई गंभीर चोट लगती है तो ही उसे अपने एक्शन में बदलाव करना चाहिए। एम्बरोज ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी खेला जाने लगा है जिसका खेल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'अब खेल का व्यवसायीकरण हो गया है। इतना ज्यादा क्रिकेट खेला जा रहा है। एक श्रृंखला के बाद दूसरी श्रृंखला और फ्रेंचाइजी क्रिकेट अलग। यह रोमांचक है लेकिन इतना ज्यादा क्रिकेट चिंता का विषय है।

एम्बरोज ने सीमित ओवरों की क्रिकेट भी काफी खेली है लेकिन उनका मानना है कि लीजैंड टेस्ट क्रिकेट से ही निकलते हैं। उन्होंने कहा, 'मैने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को तरजीह दी है। मैने वनडे और चार दिवसीय क्रिकेट भी खेला है लेकिन मेरे लिए वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं है। टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। अपने करियर के आखिर में आप लीजैंड तभी कहलाएंगे जब आपने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा किया हो।

# हिमाचल पानी देने को तैयार, हरियाणा बन रहा रुकावट

## आप के आरोप पर भाजपा ने दिया जवाब






**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच जल संकट बढ़ता जा रहा है। दिल्ली सरकार का कहना है कि हिमाचल प्रदेश अतिरिक्त पानी देने को तैयार है, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार रुकावट बनी हुई है। जल मंत्री आतिशी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात हो चुकी है। वह पानी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वो पानी भी हरियाणा से होकर आना है। हरियाणा ने पानी देने से इनकार कर दिया।

मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने गुहार लगाई कि दिल्ली 100 एमजीडी पानी की जरूरत है। कोर्ट ने भी माना कि दिल्ली में पानी का संकट है। इन सब के बावजूद हरियाणा ने पानी नहीं दिया। हमारे विधायक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलने के लिए गए, लेकिन वो नहीं मिले। हरियाणा को 100 एमजीडी पानी देना भी है तो वो उसके आवंटन का 1.5 प्रतिशत है।

**राजधानी में तीन करोड़ लोगों को परेशानी:** आतिशी ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली सरकार के सभी उच्च अधिकारी हरियाणा सरकार के अधिकारियों से मिलने के लिए गए थे, लेकिन उन्होंने अतिरिक्त पानी देने से मना कर दिया। दिल्ली में तीन करोड़ लोग रहते हैं, जिन्हें 1050 एमजीडी पानी मिलता है, जबकि हरियाणा में भी तीन करोड़ लोग रहते हैं, लेकिन उन्हें 6050 एमडीटी पानी आवंटित है। अगर हरियाणा को 100 एमजीडी पानी देना भी है तो वो उसके कुल आवंटन का महज 1.5 प्रतिशत है। फिर भी हमारी हर संभव कोशिश के बाद हरियाणा सरकार दिल्ली को पानी नहीं दे रही है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की ओर से अनशन का ऐलान करने को लेकर दिल्ली भाजपा ने सवाल उठाए हैं। आतिशी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से समझौते से ज्यादा पानी मिल रहा है। दिल्ली सरकार की मंत्री जल संकट के नाम पर राजनीतिक कर रहीं हैं। वो कितना भी अनशन कर लें, लेकिन दिल्ली में जल संकट के नाम पर जनता को लूटने नहीं दिया जाएगा। भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आतिशी अनशन करने की बात कर रहीं हैं, लेकिन उससे पहले उन्हें यह भी बताना चाहिए कि वर्ष 2013 में दिल्ली जल बोर्ड 600 करोड़ के लाभ में था, लेकिन अब 73 हजार करोड़ रुपये के घाटे में चला गया है। आखिरकार जल बोर्ड की ऐसी हालत किसने की है। 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है।

### सफदरजंग अस्पताल पर भी जल संकट की मार



दिल्ली में गहराए जल संकट से अस्पताल भी प्रभावित होने लगे हैं। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के स्पोर्ट्स इंजरी केंद्र में पानी की कमी से ऑपरेशन थिएटर का काम प्रभावित हुआ है। बताया जाता है कि अस्पताल में पर्याप्त पानी न होने से एसी पूरी तरह काम नहीं कर पाया। इस वजह से ऑपरेशन थिएटर का तापमान सही न होने की वजह से पांच सर्जरी स्थगित हो गई हैं। पानी न होने से एचवीएसी चिलर प्लांट कुछ देर के लिए बंद हो गया। दरअसल, अस्पताल में केंद्रीयकृत एसी संचालित करने के लिए पानी की जरूरत होती है। पिछले कुछ समय से पानी की समस्या के कारण वॉटर टैंकर से पानी मंगाया जा रहा है। पानी के प्लांट पर रेड की वजह से समय पर टैंकर अस्पताल नहीं पहुंच सका। इससे परेशानी का सामना करना पड़ा।अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में मरीज की सर्जरी करते समय तापमान 22 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए। एसी से तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया था। ऐसे में सर्जरी के दौरान मरीजों को संक्रमण का खतरा होता है। इस वजह से कुछ सर्जरी रद्द करनी पड़ी। इससे पहले खबर आई कि सफदरजंग अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बीते तीन दिन से एसी नहीं चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि एसी नहीं चलने से मरीजों की डायलिसिस जैसी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। इस मसले जब तूल पकड़ा और बात मीडिया में आई तो अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इमारत के केंद्रीयकृत एसी की डिस्केलिंग का काम चल रहा है। इससे परेशानी आई है। एसी एक से दो दिन में चलने लगेगा। फिलहाल मरीजों के लिए पंखे लगाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर रामदास अठावले का तंज, कहा- हमेशा नेता प्रतिपक्ष बनकर रहना

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के तमाम नेताओं ने उनको शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने भी उनका शुक्रिया अदा किया। शुभकामना देने वालों में केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठाले भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जिस अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, इसकी उम्मीद कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी नहीं कर सकता है।

अठावले ने तंज भरे लहजे में राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधीजी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना, आप हमेशा विरोधी पक्ष नेता बनकर रहना! आपको बता दें कि उन्होंने संसद में भी एक बार इसी अंदाज में कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दी थी।

रामदास अठावले अपनी बेबाकी और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह संसद में जब भी किसी विषय पर बोलने के लिए खड़े होते हैं तो अपनी काव्य रचनाओं का जमकर इस्तेमाल करते हैं। उनके भाषण पर संसद में खूब ठहाके भी लगते हैं।

### गिर जाएगी मोदी सरकार, चैलेंज देकर बरसे उद्धव ठाकरे, शिंदे ने किया पलटवार

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना के स्थापना दिवस के मौके पर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने मुंबई के दो इलाकों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर खूब हमले किए। जनता के समर्थन से उत्साहित उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दे दी। उद्धव ठाकरे ने इस साल के अंत में होने वाले चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, मोदी जी, मैं आपको महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करने के लिए आमंत्रित करता हूं... यह आप बनाम मैं होगा। उन्होंने शिवसेना के दो गुटों के हाथ मिलाने और एनडीए में जाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि वह उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम लग गया।

ठाकरे ने शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नौ जून को सत्ता में आई नरेंद्र मोदी सरकार गिर जाएगी और उसकी जगह 'इंडिया' गठबंधन नीत सरकार सत्ता संभालेगी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन पर पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी (भाजपा) यह खबर फैलाकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है कि शिवसेना (यूबीटी) सत्तारूढ़ राजग में शामिल हो जाएगी।

### अयोध्या में हार के कारण तलाशने में जुटे बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

**फैजाबाद , एजेंसी।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के बावजूद फैजाबाद की प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर हार से भाजपा को करारा झटका लगा है। इस संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को मिली हार की समीक्षा के लिए बुधवार की सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी अयोध्या पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को पूरे दिन अलग अलग विधानसभाओं में बैठकें कर हकीकत जानने का प्रयास किया। मंडल स्तर के पदाधिकारियों से बारी-बारी मुलाकात कर हार के मूल कारणों तक पहुंचने की कोशिश की। दोपहर में सबसे पहले मिल्कीपुर विधानसभा से समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसके बाद सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर बीकापुर विधानसभा की बैठक हुई। देर रात सर्किट हाउस में अयोध्या विधानसभा की समीक्षा हुई। इस दौरान बारी-बारी से प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ स्थानीय मंडल अध्यक्षों से बंद कमरे में बात की। इस दौरान किसी विधायक को नहीं बुलाया गया था। अयोध्या विधानसभा की समीक्षा के दौरान सर्किट हाउस में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रेप के बाद डिप्रेशन में आई 13 साल की बच्ची ने किया सुसाइड, इंस्टाग्राम पर बने दोस्त ने दिया धोखा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में दुष्कर्म के बाद डिप्रेशन में आई 13 साल की छात्रा ने बुधवार शाम को पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसके साथ यह वारदात तब हुई थी, जब इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद वह पहली बार आरोपी युवक से मिलने के लिए पहुंची थी। हालांकि घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पीड़िता के पिता मोदीनगर की एक कॉलोनी में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते हैं, जबकि पीड़िता आठवीं क्लास में पढ़ती थी। बच्ची की पहचान कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कृष्णानगर कॉलोनी निवासी युवक हिंमाशु सोनी से हुई थी। सोमवार शाम को युवक ने छात्रा को मैसेज करके अपने पास बुलाया। वह छात्रा को सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया। रेप का विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट भी की गई। किसी को यह बात बताने पर छात्रा को परिवार सहित जाने से मारने की धमकी दी। किसी तरह छात्रा अपने घर पहुंची और अपनी परिजनों को आपबीती सुनाई। पिता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में स्नढ्क्र कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही थी। थाने में पीड़िता के 161 के बयान दर्ज हो गए थे।

**घटना के बाद से ही डिप्रेशन में आ गई थी छात्रा:** घटना के बाद से ही छात्रा गुमशुम सी हो गई थी। परिजनों ने बताया कि वह किसी से कोई बात नहीं कर रही थी और ना ही उसने मंगलवार से खाना खाया था। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराया था। मेडिकल कराने के बाद परिजन छात्रा को लेकर घर आ गए थे। परिवार के सभी लोग शाम करीब पांच बजे एक ही कमरे में सो गए थे।

**पहली मंजिल पर पंखे से लटकी मिली छात्रा:** बताया जा रहा है कि शाम सवा सात बजे के आसपास जब पिता की आंख खुली तो छात्रा कमरे में मौजूद नहीं थी। उसको तलाशते हुए पिता घर की पहली मंजिल पर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ा गया। जैसे ही दरवाजा तोड़ा तो छात्रा पंखे से लटकी मिली। तुरन्त उसे नीचे उतारकर स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन हालात गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय छात्रा की मौत हो गई।

## घटता जा रहा भूजल, हम धरती मां के साथ कर रहे अन्याय; दिल्ली एलजी ने लोगों से की एक अपील



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने घटते जल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने इस स्थिति को सभी के लिए चिंताजनक बताया और कहा कि इससे पता चलता है कि हम धरती माता के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेने और एक पौधा लगाने का भी आग्रह किया। एलजी वीके सक्सेना और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलजी सक्सेना ने कहा, पिछले एक महीने से दिल्ली और पूरा देश भीषण गर्मी झेल रहा है। हम इसे झेलने को मजबूर हैं। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भूजल स्तर दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। यह हम सभी के लिए चिंताजनक स्थिति है। इससे पता चलता है कि हम धरती मां के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि वे इस अभियान (एक पेड़ मां के नाम) का हिस्सा बनें और एक पौधा लगाएं। आपको सिर्फ पौधा लगाकर और उसके साथ फोटो खिंचवाकर अपने अभियान को खत्म नहीं करना है। आपको उस पेड़ की जिम्मेदारी इस सोच के साथ लेनी है कि भविष्य में यह आपकी पहचान बनेगा। जब कोई व्यक्ति इसकी छाया में बैठेगा, तो वह आपको इसके लिए धन्यवाद देगा।

उन्होंने आगे बताया कि पौधों को काले प्लास्टिक में रखने की बजाय, पौधों को गाय के गोबर के छोटे गमलों में रखा जाए क्योंकि उपयोग के बाद प्लास्टिक पर्यावरण को प्रभावित करता है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, हम पौधे लगाते हैं, लेकिन वे काले प्लास्टिक के कवर में आते हैं। रोपण के बाद, उन्हें (काले प्लास्टिक को) जंगलों में फेंक दिया जाता है और फिर वे नदियों और नालों में चले जाते हैं। जिससे उनका दम घुटता है। हमने इस दिशा में एक पहल की है। अब प्लास्टिक के बजाय, गाय के गोबर के छोटे गमले बनाए जाएंगे और उनमें पौधे रखे जाएंगे।

## इटली के खेत में काम करने वाले भारतीय की मौत

### घास काटते वक्त मशीन से हाथ कटा, मालिक ने इलाज के बजाय सड़क किनारे छोड़ा

**रोम, एजेंसी।** इटली के लैटिना इलाके में खेतों में काम करने वाले भारत के 30 साल के कर्मचारी सतनाम सिंह की बुधवार को मौत हो गई है। खेत में घास काटते वक्त मशीन से सतनाम का हाथ कट गया। इसके बाद उसकी मदद करने की बजाय उसके मालिक ने उसे घर के पास एक सड़क किनारे अकेला छोड़ दिया।



इसके बाद सतनाम की पत्नी और उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। फिर भारतीय कर्मचारी को एयर एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए राजधानी रोम के अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, यहां उसकी मौत हो गई। इटली के ट्रेड यूनियन ने कहा है कि हादसे के बाद सतनाम को कूड़े की तरह फेंक दिया गया। यह एक डरावनी फिल्म जैसा था।

**सरकार बोली- घटना क्रूरता का उदाहरण, दोषियों को सजा देंगे-** इटली की लेबर मंत्री मारीना कैल्डरोन ने घटना की निंदा की है। संसद में इससे जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह घटना क्रूरता का उदाहरण है। भारतीय कामगार को गंभीर हालत में अकेला छोड़ दिया गया था। अधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाएगी।

## दूसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे एस जयशंकर, पड़ोसी पहले नीति पर फोकस

**कोलंबो, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को श्रीलंका पहुंचे। यह उनके लगातार दूसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा है। श्रीलंका दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। जयशंकर का कोलंबो पहुंचने पर श्रीलंका के विदेश राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल सेंथिल थोंडामन ने उनका स्वागत किया।



**श्रीलंका पहुंचने पर विदेश मंत्री साझा की पोस्ट-** एस जयशंकर ने श्रीलंका पहुंचने पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा नए कार्यकाल में पहली बार कोलंबो पहुंचा हूं। गर्मजोशी से स्वागत के लिए राज्य मंत्री थारका बालासुरिया और पूर्वी प्रांत के राज्यपाल एस थोंडामन का शुक्रिया। शीर्ष नेतृत्व के साथ अपनी बैठकों का बेसब्री से इंतजार है। विदेश मंत्री ने लिखा कि श्रीलंका, भारत की पड़ोसी पहले और सागर नीतियों का केंद्र है। अपनी पड़ोसी पहले नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और परस्पर लाभकारी संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।


**विदेश मंत्री की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा-** विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और हिंद महासागर में समुद्री सहयोगा भू-राजनीतिक ढांचा बनाने का है। एस जयशंकर ने बीती 11 जून को देश के विदेश मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कार्यभार संभाला था। जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया में आयोजित हुए जी7 शिखर सम्मेलन में भी शामिल हुए थे, लेकिन उस समय वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। वहीं श्रीलंका का दौरा उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

## लगातार तीसरे महीने अंधेरे में डूबा इक्काडोर, ट्रांसमिशन लाइन खराब होने से देश की बिजली गुल

**क्यूटो, एजेंसी।** पूरी दुनिया बदलती जलवायु के कारण अजीबोगरीब मौसम की मार झेल रही है। ऐसे में कहीं भीषण गर्मी तो कहीं बारिश का मौसम बना हुआ है। गर्मी के कारण कई देशों में बिजली की मांग बढ़ गई। इन सबके बीच, इक्काडोर में बुधवार को हाहाकार मच गया। दरअसल, पूरे देश में बुधवार दोपहर अचानक से बिजली चली गई। इससे सब लोग परेशान हो गए। वहीं सार्वजनिक अवसंरचना मंत्री रॉबर्टो ल्यूक ने बिजली जाने के पीछे का कारण ट्रासमिशन लाइन में खराबी आना बताया।

**बिजली क्यों चली गई?-** रॉबर्टो ल्यूक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मुझे राष्ट्रीय बिजली ऑपरेटर सीईएनओसीई एक रिपोर्ट मिली है, इसमें बताया गया है कि बिजली क्यों चली गई। दरअसल, ट्रांसमिशन लाइन में खराबी के कारण कैस्केड डिस्कनेक्शन हुआ। इसलिए पूरे देश में कहीं भी बिजली नहीं थी।

मंत्री ने आगे कहा कि अधिकारी बिजली को वापस लाने के लिए लगातार काम कर रहे थे। कुछ ही घंटों में इक्काडोर की राजधानी क्विटो के कुछ हिस्सों में बिजली लौटना शुरू हो गई थी।



**इक्काडोर कई सालों से ऊर्जा संकट से जूझ रहा-** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1.8 करोड़ आबादी वाला इक्काडोर कई सालों से ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। बुनियादी ढांचे की विफलता, रखरखाव की कमी और आयातित ऊर्जा पर निर्भरता, इन सभी ने पूरे देश में बिजली नहीं रहने में योगदान दिया है। वहीं, चीन द्वारा निर्मित 2.25 अरब डॉलर की लागत वाला कोका कोडो सिंक्लेयर बांध नामक पनबिजली संयंत्र इक्काडोर की समस्या को हल करने में मदद करने वाला था। हालांकि, यह परियोजना इक्काडोर के अधिकारियों के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गई है। निर्माण में कई त्रुटियां हुई हैं, जिसके परिणामस्वरूप इक्काडोर के अधिकारियों और चीनी कंपनी के बीच कानूनी विवाद हुआ है।

**इक्काडोर के अधिकांश हिस्से में बिजली गायब-** बुधवार को दोपहर लगभग सवा तीन बजे (स्थानीय समयानुसार), इक्काडोर के अधिकांश हिस्से में बिजली गायब थी। शाम को क्विटो और गुआयाकिल की सड़कों पर कारों के हॉर्न और ड्राइवरों के चिल्लाने की आवाजें गूंजने लगीं। इसका कारण यह था कि बिजली जाने के कारण ट्रैफिक लाइटों ने काम करना बंद कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों और कुछ जल आपूर्ति कंपनियों ने दोनों प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं।

**इससे पहले भी बन चुकी है ब्लैकआउट की स्थिति-** रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल की शुरुआत में इक्काडोर में ब्लैकआउट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसके बारे में ऊर्जा मंत्रालय ने कहा था कि इसका कारण लंबे समय तक सूखे के बाद ऐतिहासिक रूप से कम जल प्रवाह, बढ़ते तापमान और देश की विद्युत प्रणाली के रखरखाव की कमी है। मई की शुरुआत में भी ब्लैकआउट हुआ था, जो बाद में सही हो गया था। ल्यूक, जो कार्यवाहक ऊर्जा मंत्री भी हैं, ने सात जून को कहा कि बिजली कटौती का जोखिम कम हो गया है। हालांकि, 16 जून को क्विटो के कुछ हिस्सों में फिर से बिजली कटौती हुई। तीन दिन बाद, पूरे देश में बिजली कटौती हुई।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन राजकीय यात्रा पर वियतनाम पहुंचे

**हनोई, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वियतनाम दौरे पर हैं। उत्तर कोरिया का दौरा समाप्त कर गुरुवार को राष्ट्रपति पुतिन हनोई के नोई बाई एयरपोर्ट पर पहुंचे। रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाया गया। वियतनाम के उप प्रधानमंत्री ट्रान हॉन्ग हा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग सीपीवी केंद्रीय समिति के प्रमुख ली होआई ट्रंग और वियतनाम के डिप्टी विदेश मंत्री ले थी थू हैंग ने रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने वियतनाम के चार नेताओं से मुलाकात की, जिसमें राष्ट्रपति, देश की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव, प्रधानमंत्री और नेशनल असेंबली के चेयरमैन का नाम शामिल हैं। वह सोवियत और रूसी यूनिवर्सिटी के स्नातकों से भी मिलेंगे। वियतनाम आने से पहले पुतिन उत्तर कोरिया के दौरे पर थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129